Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 103 | शनिवार, 18 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# दो-तिहाई बहुमत जुटाने में सरकार फेल

## लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को लोकसभा ने उस विधेयक को खारिज कर दिया, जिसमें महिलाओं के लिए आरक्षण को तेजी से लागू करने और नई जनगणना कराए बिना परिसीमन करने का प्रावधान था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान (131वां संशोधन) संशोधन विधेयक सदन में मतदान के दौरान 2/3 बहुमत प्राप्त न कर पाने के कारण पारित नहीं हो सका। मतदान के विभाजन में, 298 सदस्यों ने विधेयकों का समर्थन किया, जबकि 230 ने उनके खिलाफ मतदान किया। कुल वोटों की संख्या 528 थी।

लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है।

सरकार ने इस विधेयक के साथ 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते।

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके ''रास्ते का रोड़ा'' कौन है और उन्हें महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं।

गृह मंत्री ने अलग-अलग सीटों के बीच जनसंख्या के असंतुलन का हवाला देते हुए कहा कि यह परिसीमन से ही ठीक हो सकता है और विपक्ष को इसमें सहयोग करना चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक का महिला आरक्षण से कोई संबंध नहीं है, बल्कि भारत के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है जो एक ''शर्मनाक कृत्य'' है।

उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार द्वारा जाति जनगणना को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष मिलकर सरकार के इस प्रयास को विफल करने जा रहा है।'' उनका कहना था, ''कुछ सच्चाई यह सदन में बताने की जरूरत है। यह महिला आरक्षण विधेयक नहीं है, इसका महिलाओं के सशक्तीकरण से कुछ लेनादेना नहीं है। 2023 में जो पारित हुआ था वो महिला आरक्षण विधेयक था।''

लोकसभा में शुक्रवार को उस समय हल्के-फुल्के क्षण देखने को मिले जब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने मजाकिया लहजे में कहा कि ''कानून मंत्री ने कल सदन में पत्नी को समर्पित कविता पढ़ी, जिसके बाद मुझे घर में बहुत डांट पड़ी।''

वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित विधेयकों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण को लेकर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पीसी सरकार का 'मैजिक शो' या ''माइकल जैक्सन के डांस'' जैसा था।

इन विधेयकों पर चर्चा में भाग लेते हुए दुबे जब जातिगत जनगणना पर अपनी बात रख रहे थे, उसी दौरान उनकी समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अखिलेश यादव के साथ उनकी नोकझोंक हुई।

### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को मनोनीत सदस्य हरिवंश के उपसभापति पद पर निर्वाचित होने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री तथा सदन के नेता जे पी नड्डा ने हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दिए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए। हरिवंश ने उच्च सदन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखने, सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करने और कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी हरिवंश को उच्च सदन का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। हरिवंश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति चुना जाना अपने आप में इस बात का गहरा प्रमाण है कि सदन को उन पर कितना भरोसा है।

## 'जादूगर पकड़ा गया', पीएम मोदी पर राहुल गांधी के बयान से बीजेपी आगबबूला, माफी की मांग की



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जादूगर कहकर सदन में हंगामा खड़ा कर दिया, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। महिला आरक्षण विधेयक पर बहस को संबोधित करते हुए गांधी ने भाजपा पर देश का चुनावी नक्शा बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप (भाजपा) देश की राजनीति में जो हो रहा है उससे डरे हुए हैं, अपनी ताकत के कम होने से डरे हुए हैं, और इसलिए भारत का राजनीतिक नक्शा बदलने की कोशिश कर रहे हैं। आपने असम और जम्मू-कश्मीर में ऐसा किया, और अब सोच रहे हैं कि आप पूरे भारत में ऐसा कर सकते हैं। इसके लिए आपको संविधान में संशोधन की जरूरत है।राजनीति गांधी ने कहा कि भाजपा जानती थी कि विधेयक सदन में पारित नहीं होगा और इसलिए घबरा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सच तो यह है कि जादूगर पकड़ा गया है। बालाकोट का जादूगर, नोटबंदी का जादूगर, सिंदूर का जादूगर अचानक पकड़ा गया है। उन्होंने आगे कहा कि सब जानते हैं कि हमारे दोस्त, जादूगर और व्यवसायी के बीच साझेदारी है। राहुल गांधी की टिप्पणियों पर भाजपा सांसदों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि गांधी प्रधानमंत्री के लिए गलत भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और बालाकोट हमलों और ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देकर देश और सेना को बदनाम कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी की टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता द्वारा देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस्तेमाल किए गए शब्द बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मेरा मानना है कि इसकी निंदा करना काफी नहीं है।

## यादगिरि में काल बनी रफ्तारः टायर फटने के बाद बस से टकराई कार, जिंदा जल गए पांच मासूम समेत 9 लोग

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**कर्नाटक।** कर्नाटक के यादगिरि जिले में शुक्रवार को मौत का एक ऐसा तांडव देखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल दहला दिया है। दरअसल, सुरपुर तालुक के शांतापुरा क्रॉस के पास एक कार और निजी बस की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार 10 लोगों में से नौ लोगों की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई है। मरने वालों में पांच मासूम बच्चे भी शामिल हैं।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली शुरूआती जानकारी के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार कॉम्पैक्ट यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) का टायर अचानक फट गया। टायर फटते ही ड्राइवर ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर की दूसरी तरफ से आ रही निजी बस से जा टकराई। भिड़ंत होते ही कार आग का गोला बन गई।

हादसे के वक्त कार में कुल 10 लोग सवार थे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने का अवसर ही नहीं मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। जिला पुलिस अधीक्षक पृथ्वीक शंकर ने 9 मौतों की पुष्टि की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और कार, दोनों ही पूरी तरह जलकर खाक हो गए। अग्निशमन दल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी 20 यात्री सुरक्षित समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे।

मृतकों की शिनाख्त कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत कला (45); शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्ग (30); उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), अद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5); इसके अलावा शशिकला (30) और उनके बेटे चंदन (8) के रूप में हुई है। इस प्रलयकारी दुर्घटना में शशिकला का दूसरा बेटा, 10 वर्षीय विराट चमत्कारिक रूप से बच गया है। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए यादगिरि आयुर्विज्ञान संस्थान (आईएमएस) में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, कार सवार सभी लोग रायचूर जिले के सिरवार तालुक के रहने वाले थे। सभी लोग यादगिरि से अपने घर लौट रहे थे। वहीं, निजी बस बेंगलुरु से कलबुर्गी की ओर जा रही थी। गनीमत यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें समय रहते वाहन से बाहर निकाल लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## मध्य प्रदेश में थार से 5 को रौंदा, बीजेपी विधायक के बेटे का बयान- मैं हॉर्न बजा रहा था, वे हटे क्यों नहीं?



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**मध्य प्रदेश।** पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी में गुरुवार को एक एसयूवी की टक्कर से पांच लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस एसयूवी को बीजेपी विधायक का बेटा चला रहा था। पिछोर के विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी शाम करीब 7.30 बजे करेरा इलाके में अपनी महिंद्रा थार चला रहे थे। पुलिस के अनुसार, गाड़ी ने सबसे पहले पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे तीन दोस्त संजय, आशीष और अंशुल परिहार घायल हो गए। ये तीनों धनरा गांव जा रहे थे। कार ने सड़क के उसी तरफ आगे पैदल चल रही दो महिलाओं सीता वर्मा और पूजा सोनी को भी टक्कर मार दी। संजय परिहार को गंभीर चोटें आईं, जबकि बाकी लोगों के सिर, हाथ-पैर और कंधों पर चोटें लगीं। वहां से गुजर रहे लोगों ने घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने बताया कि एसयूवी पर विधायक (MLA) लिखा हुआ था और पीड़ितों के बयानों के आधार पर, घटना के समय गाड़ी दिनेश लोधी चला रहा था। पुलिस के अनुसार, गाड़ी ने सबसे पहले पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे तीन दोस्त–संजय, आशीष और अंशुल परिहार–घायल हो गए।

## पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, 13 जगहों पर छापे

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**पंजाब।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शुक्रवार को पंजाब के मंत्री और विधायक संजीव अरोड़ा, उनके सहयोगियों और कारोबारी साझेदारों से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली। यह तलाशी कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जाँच के तहत की गई। अधिकारियों के अनुसार, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के प्रावधानों के तहत गुरुग्राम, चंडीगढ़, लुधियाना और जालंधर में 13 जगहों पर छापे मारे गए। तलाशी में अरोड़ा, उनके बेटे काव्य अरोड़ा, और साथ ही कारोबारी सहयोगी हेमंत सूद और चंद्रशेखर अग्रवाल के आवास और कार्यालय शामिल थे। अरोड़ा 'हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड' के प्रमोटर हैं, जिसे पहले 'रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था। यह कंपनी पंजाब में बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में शामिल है। उनके बेटे वर्तमान में कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। ED कंपनी के खिलाफ लगे आरोपों की जाँच कर रही है। इन आरोपों में जमीन के इस्तेमाल में अवैध बदलाव, शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने के लिए बिक्री की बुकिंग को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना और धोखाधड़ी करना, संदिग्ध इनसाइडर ट्रेडिंग, और वअए से पैसों की 'राउंड ट्रिपिंग' (पैसों को घुमाकर वापस लाना) शामिल हैं। जाँचकर्ता उन दावों की भी जाँच कर रहे हैं कि अवैध सट्टेबाजी के संचालन से जुड़े पैसों सहित बेहिसाब पैसे को भारत में वापस लाया गया और रियल एस्टेट में निवेश किया गया। हेमंत सूद, जो 'फाइंडोक फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड' चलाते हैं, उन पर कथित तौर पर पैसों को घुमाने और संदिग्ध इनसाइडर ट्रेडिंग तथा मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों से जुड़े वित्तीय लेन-देन में मदद करने के आरोप में जाँच की जा रही है। जालंधर के एक कारोबारी चंद्रशेखर अग्रवाल की भी सट्टेबाजी के संचालन और हवाला लेन-देन से कथित संबंधों को लेकर जाँच की जा रही है। अधिकारियों को संदेह है कि अवैध सट्टेबाजी और अन्य गतिविधियों से कमाए गए पैसों को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए वैध निवेशों में लगाया गया। इसके लिए कंपनियों और वित्तीय बिचौलियों के एक नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया। एजेंसी वर्तमान में तलाशी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों और बैंक रिकॉर्ड की जाँच कर रही है। अब तक किसी की गिरफ्तारी की कोई खबर नहीं है, और आगे की जाँच जारी है।

हेमंत सूदः 'फाइंडोक फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड' के मालिक हेमंत सूद पर आरोप है कि उन्होंने संदिग्ध इनसाइडर ट्रेडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए वित्तीय लेन-देन में मदद की। चंद्रशेखर अग्रवालः जालंधर के इस कारोबारी की जाँच हवाला नेटवर्क और अवैध सट्टेबाजी संचालनों से उनके कथित संबंधों को लेकर की जा रही है।

## पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, सीएम हिमंत बोले- अब असम में सरेंडर ही विकल्प

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को कानून के सामने आत्मसमर्पण कर गुवाहाटी में पेश होना चाहिए, क्योंकि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री की पत्नी से जुड़े आरोपों वाले एक मामले में खेड़ा की पारगमन जमानत की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया है। 17 अप्रैल को उत्तर दिनाजपुर में एएनआई से बात करते हुए सरमा ने कहा कि मुझे लगता है कि पवन खेड़ा को कानून के सामने आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। उन्हें गुवाहाटी आकर आत्मसमर्पण करना चाहिए।

इसी दिन इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार तक दी गई उनकी पारगमन जमानत को बढ़ाने की मांग की गई थी। यह विस्तार इसलिए मांगा गया था ताकि खेड़ा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के मामले में असम की किसी संबंधित अदालत में अपील कर सकें।

## संसद में प्रियंका गांधी का 'पावरहाउस' डेब्यूः 21 मिनट, नेहरू की विरासत और अमित शाह की मुस्कुराहट

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही एक ऐतिहासिक दृश्य की गवाह बनी। वायनाड की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सदन में अपना पहला प्रमुख भाषण दिया। महज 21 मिनट के अपने संबोधन में प्रियंका ने न केवल अपनी वाकपटुता (भाषण कला) का लोहा मनवाया, बल्कि संयम और तीखे प्रहारों के अनूठे मेल से सत्तापक्ष को भी निरुत्तर कर दिया। उनका भाषण, जिसमें संयम और तीखी आलोचना का मेल था, सदन में सबसे अलग दिखा; यह सदन अक्सर तीखे ध्रुवीकरण के लिए जाना जाता है। कड़वाहट या नाम लेकर बुरा-भला कहे बिना, उन्होंने मुस्कुराते हुए तीखे वार किए -- जिससे गृह मंत्री अमित शाह भी हंस पड़े, विपक्षी खेमे में जोश भर गया, और राहुल गांधी से उन्हें खूब तारीफ मिली।

### तैयारी और प्रस्तुति का मेल

उनके इस आत्मविश्वास भरे भाषण के पीछे गहरी तैयारी थी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने इंडिया टुडे को बताया कि प्रियंका गांधी कागज की शीट पर लिखे मुख्य बिंदुओं (bullet points) के साथ सदन में आई थीं; उन्होंने इन बिंदुओं का इस्तेमाल मुख्य रूप से तथ्यों की सटीकता के लिए किया, जबकि ज्यादातर बातें उन्होंने अपनी सहज समझ और सूझबूझ से कहीं। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत सत्ताधारी पक्ष पर तंज कसते हुए की; यह पक्ष अक्सर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का ज़िक्र करके अतीत की ₹गलतियों₹ को उजागर करता रहता है। इस बात का सीधा जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह कुछ ऐतिहासिक संदर्भ देना चाहती हैं, भले ही सत्ताधारी पक्ष को यह बात अच्छी न लगे। उन्होंने कहा 'मैं इस विषय पर थोड़ी पृष्ठभूमि बताना चाहूँगी। क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इस बारे में बहुत कुछ कहा कि इसे किसने रोका, कैसे रोका गया, और कैसे इस फैसले को 30 साल तक लटकाए रखा गया। सत्ताधारी पार्टी में मेरे साथियों को शायद यह बात अच्छी न लगे, लेकिन ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि इसकी शुरूआत भी नेहरू नाम के एक व्यक्ति ने ही की थी। इसके बाद उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में (व्यंग्य करते हुए) जोड़ा, 'लेकिन चिंता मत कीजिए, यह वह नेहरू नहीं हैं जिनसे आप इतना कतराते हैं।' उन्होंने आगे बताया कि यह मोतीलाल नेहरू ही थे जिन्होंने 1928 में एक रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें 19 मौलिक अधिकारों की सूची थी, और उन्होंने ही इस रिपोर्ट को कांग्रेस कार्यसमिति के सामने पेश किया था। '1931 में, सरदार पटेल की अध्यक्षता में कराची में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। उसी कराची अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसने हमारे देश की राजनीति में महिलाओं के समान अधिकारों को शामिल करने की शुरूआत की। उसी समय, हमारी राजनीति में 'एक वोट, एक नागरिक, एक मूल्य' का सिद्धांत भी स्थापित हुआ,' उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका जैसे देशों को ऐसे अधिकार हासिल करने में कहीं ज्यादा समय लगा, जिससे भारत के शुरूआती



## संपादक की कलम से

# चीन और अमेरिका के बीच कोल्ड वॉर की शुरूआत हो चुकी है



ललित शर्मा
संपादक

ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में हुई वार्ता विफल रही है। हॉर्मुज की खाड़ी को लेकर ईरान ने शर्तों के साथ जहाजों को गुजरने देने की बात कही थी, लेकिन अमेरिका ने इन शर्तों को खारिज कर दिया। उसने अपने युद्धपोत इस क्षेत्र में भेज दिए हैं और खाड़ी को नियंत्रित करने तथा जहाजों की जांच करने की घोषणा कर दी है। अमेरिका की इस कार्रवाई से पश्चिम एशिया ही नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति भी गरमा गई है। अमेरिका के इस कदम का असर ईरान के साथ-साथ उसके सहयोगी देशों पर भी पड़ेगा, जिसमें सबसे ज्यादा प्रभाव चीन पर दिखाई दे रहा है। चीन ने अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देने की चेतावनी दी है। यदि चीन के जहाज रोके जाते हैं, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। हालांकि फिलहाल चीन सीधे युद्ध में शामिल होता नहीं दिख रहा, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव बढ़कर कोल्ड वॉर जैसी स्थिति बनाता नजर आ रहा है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि केवल ईरान से जुड़े जहाजों की ही जांच की जाएगी। अन्य खाड़ी देशों के जहाजों को रास्ता दिया जाएगा। लेकिन इस निर्णय से समुद्री व्यापार बाधित हो रहा है और चीन-ईरान के बीच व्यापार पर व्यापक असर पड़ सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है। इस व्यापार से ईरान की अर्थव्यवस्था को भारी सहारा मिलता है। ईरान के कुल बजट का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा तेल व्यापार से आता है। चीन को ईरान से सस्ता तेल मिलता है, जिससे उसे प्रति बैरल लगभग 10 डालर का लाभ होता है। पिछले वर्ष चीन ने प्रतिदिन लगभग 14 लाख बैरल तेल खरीदा, जो उसकी कुल आयात का लगभग 12 प्रतिशत था। अमेरिका को यह बात खटक रही है कि चीन और ईरान दोनों इस व्यापार से लाभ उठा रहे हैं। उसका आरोप है कि चीन वास्तविक आंकड़े छुपा रहा है। 2025 में आधिकारिक व्यापार आंकड़े 9.96 अरब डालर बताए गए, लेकिन वास्तविक व्यापार इससे कहीं अधिक होने का दावा किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका के कदम से ईरान और चीन दोनों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा। यही कारण है कि चीन आक्रोशित है। दूसरी ओर अमेरिका का आरोप है कि चीन ईरान को ड्रोन और हथियारों के लिए तकनीक उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा शेल कंपनियों के माध्यम से भी सहयोग किया जा रहा है। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि जो भी देश ईरान को सैन्य मदद देगा, उस पर 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। यह संकेत चीन की ओर भी माना जा रहा है। चीन पर यह भी आरोप है कि वह ईरान से खरीदे गए तेल को अन्य देशों के नाम से दिखाकर प्रतिबंधों से बचता है। इसके लिए पुराने जहाजों और बदले हुए झंडों का उपयोग किया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल चीन सीधे युद्ध में नहीं उतरेगा, लेकिन अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए कूटनीतिक कदम जरूर उठाएगा। जरूरत पड़ने पर वह अमेरिका का मुकाबला भी कर सकता है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के समय से ही चीन और अमेरिका के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका ने वायरस के प्रसार के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया था, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़े। इसके अलावा चीन की आक्रामक व्यापार नीति, वैश्विक विस्तार और तकनीकी क्षेत्रों में बढ़ती पकड़ से भी अमेरिका चिंतित है। अमेरिका की कार्रवाई पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

# संसद में महिला आरक्षण: संवैधानिक जरूरत या राजनीतिक रणनीति?



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

संसद में महिला आरक्षण का प्रश्न भारतीय लोकतंत्र के विकास और उसकी समावेशी प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से ही यह अपेक्षा की जाती रही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में समाज के सभी वर्गों को समान और न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व मिले, किंतु वास्तविकता यह है कि महिलाओं की भागीदारी लंबे समय तक सीमित रही।

इसी पृष्ठभूमि में 2023 में पारित 106वां संविधान संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया। इस अधिनियम के तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में कुल सीटों का एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके अनुपात में उप-आरक्षण भी शामिल है।

यह व्यवस्था भारतीय संविधान में नए अनुच्छेद 330A, 332A और 334A जोड़कर की गई है, जो न केवल आरक्षण के दायरे को परिभाषित करते हैं बल्कि उसकी अवधि और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को भी निर्धारित करते हैं।

हालांकि इस अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण और विवादास्पद विशेषता यह है कि इसके क्रियान्वयन को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ दिया गया है।

इस प्रावधान ने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है कि क्या महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना वास्तव में संवैधानिक आवश्यकता है या यह एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति है। इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है, क्योंकि इसमें संवैधानिक व्याख्या, राजनीतिक हित और प्रशासनिक व्यवहार्यता तीनों ही तत्व शामिल हैं।

संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो संसद को महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार अनुच्छेद 15(3) के तहत प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों के पुनर्वितरण के लिए अनुच्छेद 82 और 170 में परिसीमन की व्यवस्था की गई है, जो जनगणना के आधार पर होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334अ यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का रोटेशन प्रत्येक परिसीमन के बाद किया जाएगा।

यह व्यवस्था पहली दृष्टि में तार्किक प्रतीत होती है, क्योंकि इससे यह सुनिश्चित होता है कि आरक्षण का लाभ विभिन्न क्षेत्रों तक समान रूप से पहुंचे और किसी एक क्षेत्र तक सीमित न रह जाए।

फिर भी यह प्रश्न बना रहता है कि क्या इस पूरी प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से परिसीमन से जोड़ना आवश्यक था। यदि हम स्थानीय निकायों के स्तर पर लागू 73वें और 74वें संविधान संशोधनों को देखें, तो वहां महिलाओं के लिए आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया था, भले ही परिसीमन की प्रक्रिया बाद में हुई हो। इससे यह संकेत मिलता है कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन एक अनिवार्य शर्त नहीं है, बल्कि इसे प्रशासनिक सुविधा के लिए जोड़ा गया है।

इसके अलावा, 1996 से 2010 के बीच कई बार प्रस्तुत महिला आरक्षण विधेयकों में इस प्रकार की कोई शर्त नहीं थी, जो यह दशार्ता है कि यह प्रावधान बाद में एक विशेष राजनीतिक संदर्भ में जोड़ा गया।

राजनीतिक दृष्टिकोण से इस प्रावधान का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि परिसीमन के साथ महिला आरक्षण को जोड़ना सत्ताधारी दलों के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करता है।

वर्तमान लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जबकि राज्य विधानसभाओं में यह और भी कम है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू किया जाता, तो बड़ी संख्या में वर्तमान पुरुष सांसदों की सीटें प्रभावित होतीं, जिससे राजनीतिक असंतोष और विरोध उत्पन्न होना स्वाभाविक था।

परिसीमन के माध्यम से सीटों की संख्या बढ़ाकर इस समस्या को कम किया जा सकता है, क्योंकि नई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है, बिना मौजूदा सांसदों को सीधे तौर पर विस्थापित किए। इसके अतिरिक्त, परिसीमन की प्रक्रिया स्वयं में एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील विषय है, क्योंकि यह विभिन्न राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन को प्रभावित करती है।

दक्षिण भारत के कई राज्यों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि जनसंख्या नियंत्रण में उनकी सफलता के बावजूद परिसीमन के बाद उनकी सीटों की संख्या अपेक्षाकृत कम हो सकती है, जबकि उत्तरी राज्यों को अधिक लाभ मिल सकता है।

इस संदर्भ में महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना एक व्यापक राजनीतिक समीकरण का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों के हितों को संतुलित करने का प्रयास किया जा रहा है।

एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि इस अधिनियम में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोई उप-आरक्षण नहीं किया गया है। यह सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कमी मानी जा रही है, क्योंकि इससे आरक्षण का लाभ मुख्य रूप से अपेक्षाकृत सशक्त वर्गों की महिलाओं तक सीमित रह सकता है। इसके अतिरिक्त, यह प्रावधान राज्यसभा और विधान परिषदों पर लागू नहीं होता, जिससे उच्च सदनों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का अवसर भी सीमित हो जाता है।

इस पूरी व्यवस्था का एक और व्यावहारिक पहलू यह है कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया में देरी होने के कारण महिला आरक्षण का वास्तविक लाभ भी टलता जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह आरक्षण 2029 के आम चुनावों या उसके बाद ही प्रभावी हो पाएगा। इसका अर्थ यह है कि जिन महिलाओं के लिए यह अधिनियम एक आशा का स्रोत बना, उन्हें अभी भी अपने अधिकारों के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। यह स्थिति इस प्रश्न को और अधिक प्रासंगिक बना देती है कि क्या इस प्रकार का विलंब वास्तव में आवश्यक है या इसे टाला जा सकता था।

फिर भी इस अधिनियम के सकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह पहली बार है जब संसद और विधानसभाओं के स्तर पर महिलाओं के लिए इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में भी उनके दृष्टिकोण और अनुभवों को स्थान मिलेगा।

पंचायत स्तर पर महिला आरक्षण के सकारात्मक परिणाम पहले ही देखे जा चुके हैं, जहां महिलाओं ने न केवल प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान भी दिया है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना एक जटिल निर्णय है, जिसमें संवैधानिक प्रावधानों, प्रशासनिक आवश्यकताओं और राजनीतिक रणनीतियों का मिश्रण है। इसे पूरी तरह से संवैधानिक बाध्यता कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसके वैकल्पिक उपाय संभव थे। वहीं इसे केवल राजनीतिक रणनीति कहना भी एकतरफा दृष्टिकोण होगा, क्योंकि इसमें कुछ व्यावहारिक और तार्किक आधार भी मौजूद हैं। वास्तविकता यह है कि यह निर्णय दोनों ही तत्वों का सम्मिलित परिणाम है।

भारतीय लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि वह न केवल सिद्धांतों में बल्कि व्यवहार में भी समानता और न्याय के मूल्यों को अपनाए। महिला आरक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाता है।

यदि इसे अनावश्यक रूप से विलंबित किया जाता है, तो यह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। इसलिए यह समय की मांग है कि इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए एक स्पष्ट और समयबद्ध रोडमैप तैयार किया जाए, ताकि महिलाओं को उनके अधिकारों का लाभ बिना किसी देरी के मिल सके और भारतीय लोकतंत्र वास्तव में समावेशी और प्रतिनिधिक बन सके।

# मछली पकड़ने से शुरूआत कर सुभीक्षा ने समंदर की सीमाएं तोड़ दीं



स्नेहा सिंह
लेखिका

सुभीक्षा का जन्म तमिलनाडु के समुद्र किनारे बसे एक गांव में हुआ था। वह एक साधारण मछुआरे परिवार से थी। परिवार का व्यवसाय मछली पकड़ना था और आर्थिक स्थिति मध्यम थी। समुद्र की आय पर निर्भर रहने वाले ऐसे वातावरण में पली-बढ़ी होने के बावजूद सुभीक्षा चतुर, बुद्धिमान और मेहनती थी। उसने अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक की पढ़ाई पूरी की और शिक्षा प्राप्त की।

जहां महिलाओं की भूमिका केवल मछलियों को अलग करना, बेचना और घर का काम करना ही माना जाता था, उसी सीमित दायरे को तोड़ते हुए सुभीक्षा ने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की, बैंक में नौकरी की और बाद में एक वित्तीय कंपनी में कॉर्पोरेट नौकरी करने लगी। लेकिन उसे हमेशा इन नौकरियों में कुछ कमी महसूस होती थी। जब उसके पिता और भाई मछली पकड़ने के लिए समुद्र में जाते, तो वह अक्सर समुद्र किनारे जाती और उसे समुद्र का आकर्षण महसूस होता।

उसे लगने लगा कि कार्पोरेट नौकरी नहीं, बल्कि समुद्र में उतरकर मछली पकड़ना ही उसका असली जुनून है। अंततः उसने वित्तीय कंपनी की नौकरी छोड़कर पुरुष प्रधान मछली पकड़ने के व्यवसाय में कदम रखने का निर्णय लिया और अपने पिता व भाई को यह बात बताई।

सुभीक्षा के पिता ने उसके इस निर्णय का विरोध किया। उनका कहना था कि तूतिकोरिन का समुद्र तट बहुत उग्र है, जहां बारबार तूफान आते हैं और ऊंची-ऊंची लहरें उठती हैं। ऐसी परिस्थिति में एक लड़की का मछली पकड़ना उचित नहीं है।

इसके जवाब में साहसी सुभीक्षा ने कहा, 'पिताजी, चाहे समुद्र की तूफानी लहरें हों या जीवन की, हर व्यक्ति को उनका सामना करना ही पड़ता है, फिर उनसे डरना क्यों?'

इसके बाद सुभीक्षा ने अपने पिता और भाई के साथ समुद्र में जाना शुरू किया। वे रात एक बजे निकलते और सुबह दस बजे लौटते। वे समुद्र में लगभग 12 नॉटिकल मील तक जाते और वहां जाल डालकर मछली पकड़ते।



अपने पहले दिन का अनुभव बताते हुए सुभीक्षा कहती है, 'मैंने तो डेस्क जॉब की थी, यह बिलकुल अलग अनुभव था। रात का साफ आकाश, हीरे जैसे चमकते तारे और शांत समुद्र, फिर भी मुझे घबराहट हो रही थी। लहरों के कारण नाव ऊपर-नीचे हो रही थी, जिससे मुझे उल्टी जैसा महसूस हुआ, लेकिन मैंने ध्यान नहीं दिया और हिम्मत करके आगे बढ़ी।'

सुभीक्षा तमिलनाडु की पहली शिक्षित महिला मछुआरी मानी जाती है। उसकी हिम्मत काबिल-ए-तारीफ है। दो साल तक पिता और भाई के साथ काम करने के बाद उसने अपनी खुद की नाव लेकर स्वतंत्र रूप से काम शुरू किया।

अन्य मछुआरिनें उसके बारे में कहती हैं कि वह बेहद साहसी है। जहां वे खुद केवल पुरुषों द्वारा लाई गई मछलियों को बेचती हैं, वहीं सुभीक्षा खुद जाल बनाती है, समुद्र में डालती है और मछलियां पकड़ती है, जिसके लिए बहुत शारीरिक ताकत और साहस चाहिए।

उसका काम काफी कठिन है। वह कछुए, विभिन्न प्रकार की मछलियां और झींगे पकड़ती है। हर प्रकार के लिए अलग जाल होता है, जिन्हें समुद्र में अलग-अलग जगह डालना पड़ता है और फिर जोर लगाकर खींचना पड़ता है। सुभीक्षा यह सब कार्य बहुत सावधानी और मेहनत से करती है।

इसके बाद उसने अपने काम का विस्तार किया। उसने सी-फूड के विभिन्न व्यंजन बनाकर व्यवसाय शुरू किया। मछलियों से सात प्रकार के अचार आदि बनाकर वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की सी-फूड उद्यमी बन गई।

शिक्षित सुभीक्षा ने मल्टीमीडिया का उपयोग करते हुए मछुआरों की समस्याओं और समुद्री जीवन पर ब्लॉग शुरू किया और 'सी-ब्लॉगर' के रूप में प्रसिद्ध हुई। उसने यूट्यूब चैनल (@MEENAVAPONNUSUBI) भी शुरू किया, जहां वह समुद्र की सुंदरता और मछली पकड़ने की प्रक्रियाओं के वीडियो साझा करती है। उसके चैनल पर 2.5 लाख सब्सक्राइबर हैं और इंस्टाग्राम पर 5 लाख से अधिक फालोअर्स हैं।

उसकी उपलब्धियों में एक और नया मोड़ तब आया जब उसे नेशनल माडलिंग एंड फैशन वेलफेयर एसोसिएशन में मॉडल के रूप में चुना गया। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसकी सफलता को देखते हुए उसे तमिलनाडु बिग बॉस-19 में प्रतियोगी के रूप में चुना गया। यह उसके जीवन की बड़ी छलांग थी।

स्नातक, कार्पोरेट नौकरी, मछुआरिन, सी-फूड उद्यमी, यूट्यूबर। यहां भी उसकी प्रगति नहीं रुकी। बिग बॉस के बाद अब वह तमिल फिल्म kArivul में काम कर रही है। सुभीक्षा का कहना है, 'मैं कई क्षेत्रों में इसलिए काम कर रही हूं, ताकि पिछड़े क्षेत्रों के युवा प्रेरित हों और सोशल मीडिया जैसे आधुनिक माध्यम गरीब और अवसरहीन लोगों को आगे आने का मौका दें।'

## बागवान

उदय किशोर साह

कविता



खुशनशीब है वो चमन जिनका होता है बागवान
बाल बांका ना कर पाता जो. बैरी हो सारा जहान
गुलशन की सुरक्षा में खड़ा है वो ले तीर कमान
सुरक्षा की कवच बना दर पे जब हो ये भगवान

बुढ़ा तन व बुढ़ा मन पर विचार है आज भी जवान
दिन रात पसीना बहाता है पूरा करता है अरमान
हाथ में खुरपी कुदाली थामे इनकी है ये पहचान
वो जन मूरख होते हैं जो ना देते इन्हें मान सम्मान

इनके बदोलत सुरक्षित है चमन तेरा वजूद ये मान
इनके परिश्रम का तूँ फल है जब होता है ये विद्यमान
माली के बिना ये जिन्दगी भटक जाती है हो गुमनाम
घर के चौखट पे बैठा है अनुभव का हैं ये विद्वान

स्कूल कॉलेज की डिग्री नहीं है नहीं है कोई भी प्रमाण
पर अनुभव का खजाना समेटे वो है साधारण इन्सान
मत भूलाना इनकी कुवार्नी ये हैं तेरे भी एक कद्रदान
पढ़ा लिखा नहीं हैं फिर भी गुण से भरे हैं ये गुणवान

बिना फीस की है अधिवक्ता देता है अच्छा परिणाम
खतरे की बू आने का इनको होता है पूरा अनुमान
हमारे लिये ये माली हमारा होता है साक्षात भगवान
इनका हक है तुमसे पाने का पूरा जीवन मान सम्मान

# टेढ़े आंगन में खट्टे अंगूर तो होंगे ही



संजीव ठाकुर
लेखक

महान साहित्यकार जमुना लाल जी ने साहित्य में में एक नया शास्त्र को प्रतिपादित कर दिया बहाना-शास्त्र। इसमें विद्वान वही लोग हैं, जो न मंच पर टिक पाए, न पाठकों के दिल में बस पाए, लेकिन आत्मविश्वास ऐसा कि खुद साहित्य के भगवान हों।

इनका पहला सूत्र अगर हम सफल नहीं हो सके तो सफलता को ही संदेही घोषित कर दो। जिसने खुद कभी किसी को चाय ऑफर नहीं की हो पर दूसरों के यहां दावत उडाने को तैयार रहते हैं।

जमुनालाल जी का परफॉर्मेंस भी इसी तरह का है जो मंच पर सफल नहीं हो पाए पर वो नाक-भौं सिकोड़कर फरमाते हैं कि अब मंच प्रबुद्ध साहित्यकारों के लिए नहीं रहा है और जो मंच पर चढ़े लेकिन टिक नहीं पाए वे कहते श्रोता भी अब समझदार नहीं रह गए हैं, जो दो मिनट में हूट हो गए, वे निष्कर्ष निकालते हमारी रचना है ही इतनी उच्च स्तरीय है कि जनता समझ ही नहीं पाती है। अब यह नई बात सामने आई है कि तालियाँ मिल जाएँ तो आप हिट हैं, और अगर लोग चुप रह जाएँ तो आपका साहित्य गंभीर हैं, यानि असफलता को भी अब साहित्यिक सम्मान में बदल देने की अद्भुत कला में माहीर हो गए है।

कभी-कभी तो लगता है कि वे साहित्य नहीं, अपनी असफलताओं का महाकाव्य लिख रहे है हर पंक्ति में समाज का दर्द कम खुद का दुखड़ा ज्यादा होता है।

जमुना लाल जी का एक प्रिय वाक्य है हम भीड़ के लिए नहीं लिखते असल में भीड़ भी इनके लिए नहीं रुकती ही नही और जो दो-चार लोग रुक भी जाएँ वे भी मोबाइल बाज ही होतें हैं, लेकिन ये सज्जन इसे भी मौन प्रशंसा मान लेते देखो मेरे वक्तव्य के दौरान पूरा सभागार मौन था पर हकीकत यह थी कि सब मोबाइल में लगे हुए थे।

अगर आपकी कविता में दम नहीं है, तो आंगन टेढ़ा होना ही था, मंच और श्रोताओं को दोष दे दीजिए। अगर आपकी प्रस्तुति में जान नहीं है, तो कह दीजिए दर्शक हल्के स्तर के थे। अगर लोग समझ नहीं पा रहे, तो दर्शक महान अज्ञानी और जो लोकप्रिय हैं उन्हें हल्का स्तरहीन हैं कहना नया फैशन हो गया है।

जो मंचों पर जोरदार चल रहा है वह निश्चित तौर पर ड्रामेबाज, जुमलेबाज होगा। जैसा खुद नहीं कर पाए, वह स्तरहींन। यह वही मानसिकता है, जिसमें आदमी परीक्षा में फेल हो जाए तो कहे पेपर सिलेबस से बाहर का बता देते हैं।

नौकरी न मिले तो कहो सिस्टम में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है यह अलग बात है कि उसके बाद भी लोगों को हजारों नौकरियां मिल रही है। कविता न चल पाए तो यह कहकर पीछा छुड़ाइए कि साहित्य में वो बात नही रही है।

कुछ लोग तो इतने महान बन चुके हैं कि उन्होंने अपनी अक्षमता को ही विचारधारा बना लिया है। हम अलग हैं, हम हटकर है कह कर गला नहीं सुखाते, असल में वे बस त्रिशंकु बने लटके हुए हैं।

इनके लेखन में एक खास बात है, जहां उनके शब्द तो होते वहां संवेदना छुट्टी पर होती है, विचार तो होते हैं पर पाठक गायब होते हैं, वहां सबसे ज्यादा मौजूद होता लेखक का अहंकार। वह अहंकार भी बड़ा मजेदार, खुद को पढ़ने वाला कोई नहीं, लेकिन शिकायत पूरी दुनिया से है कि हमें समझा नहीं गया।

हमारा यह सिद्धांत है कि हमारा कोई सिद्धांत नहीं है, अवसरवाद सिर चढ़कर बोलने लगता है।

जैसे कोई दुकान खोले बिना ही कह दे ग्राहक का मिजाज बहुत खराब हो गया हैं। साहित्य में नई प्रवृत्ति बेलगाम घोड़े जैसी हो गई है, जो समझ में आ जाए, वह साधारण, जो समझ में न आए, वही महान है।

अब अगर पाठक आपकी रचना पढ़कर मुस्कुरा दे तो आप असफल, अगर वह सिर पकड़ ले तो आप महान लेखक घोषित!

यानि साहित्य का आनंद अब, तिलस्म बन गया है। सच तो यह है कि मंच भी वही श्रोता भी वही हैं, और शब्द भी वही, बस कुछ लोगों की ईमानदारी और मेहनत कहीं रास्ते में छूट गई है।

जो आँगन में उतरकर खेल नहीं सकते, उनके लिए आँगन को टेढ़ा ही होगा। और जो पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ने की हिम्मत नहीं रखते, वे अंगूरों को खट्टा ही बताएँगे।

बाकी साहित्य तो चुपचाप अपना काम करता रहा है, करता रहेगा कुछ लोग उसे जी रहे हैं, और कुछ लोग उसमें मीन मेख निकल रहे हैं।

# कचरे से कमाल: प्लास्टिक बनाएगा जल और मिट्टी को शुद्ध



डॉ विजय गर्ग
लेखक

आज के समय में प्लास्टिक प्रदूषण विश्व की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है। नदियाँ, झीलें, समुद्र और यहां तक कि जमीन भी प्लास्टिक कचरे से प्रभावित हो रही है। लेकिन विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नए शोध अब इस समस्या को समाधान में बदलने की दिशा में आशा की किरण दिखा रहे हैं। हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने ऐसी नई तकनीकों का विकास किया है, जिनकी मदद से प्लास्टिक कचरे को न केवल कम किया जा सकता है, बल्कि उसे उपयोगी संसाधन में भी बदला जा सकता है। यह तकनीकें दूषित जल और जमीन को साफ करने में भी सहायक बन रही हैं। प्लास्टिक से समाधान की ओर प्लास्टिक को छोटे-छोटे कणों में तोड़कर माइक्रोप्लास्टिक या नैनोप्लास्टिक बनाया जा सकता है, जिनका उपयोग जल शोधन में किया जा रहा है। ये कण दूषित पानी में मौजूद हानिकारक धातुओं और रसायनों को अवशोषित कर लेते हैं, जिससे पानी शुद्ध हो जाता है। इस प्रक्रिया को 'एडसॉर्प्शन' तकनीक कहा जाता है। दूषित जमीन का पुनर्जीवन प्लास्टिक आधारित कुछ विशेष सामग्री का उपयोग मिट्टी में मौजूद विषैले तत्वों को हटाने में किया जा रहा है। ये सामग्री मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करती हैं और उसे दोबारा खेती योग्य बनाती हैं। इस प्रकार, जो प्लास्टिक पहले प्रदूषण का कारण था, वही अब भूमि सुधार का साधन बन रहा है। पर्यावरण के लिए वरदान यह नई दिशा पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे न केवल प्लास्टिक कचरे की मात्रा कम होगी, बल्कि जल और भूमि प्रदूषण भी नियंत्रित होगा। साथ ही, यह एक सर्कुलर इकोनॉमी (परिपत्र अर्थव्यवस्था) को बढ़ावा देती है, जिसमें अपशिष्ट को पुनः उपयोग में लाया जाता है। चुनौतियाँ और भविष्य हालांकि ये तकनीकें अभी शुरुआती चरण में हैं और बड़े स्तर पर इन्हें लागू करने के लिए और शोध की आवश्यकता है। लागत, तकनीकी जटिलता और जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियाँ भी सामने हैं। लेकिन यदि सरकार, वैज्ञानिक और समाज मिलकर प्रयास करें, तो यह समाधान व्यापक स्तर पर अपनाया जा सकता है। निष्कर्ष प्लास्टिक, जो कभी केवल समस्या का प्रतीक था, अब समाधान का हिस्सा बनता नजर आ रहा है। यदि सही दिशा में प्रयास जारी रहे, तो आने वाले समय में प्लास्टिक न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दूषित जल और जमीन को फिर से उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हिंदू क्रांति एकता यात्रा यज्ञ एवं महासम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बिजनौर।** सूर्यान्श रेस्टोरेंट एवं बैंकट हॉल निकट (PWD गेस्ट नूरपुर जिला बिजनौर प्रदेश (भारत) में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सौजन्य से 'हिंदू क्रांति एकता यात्रा यज्ञ एवं महा सम्मेलन' का भव्य आयोजन 'शहर से गांव' कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा द्वारा की गई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीप सौरभ सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें समरसता के माध्यम से समाज को जोड़ने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान एवं मेरठ जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस पांच दिवसीय दिव्य आयोजन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य डॉ. आर. के. सिंह एवं उनकी टीम द्वारा डिजिटल मीडिया प्रेजेंटेशन के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या से पधारे बाल मुकुंदा आचार्य द्वारा देश भर मे हिन्दू सम्मेलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और कह कि इस तरह के महा सम्मेलन होने चाहिए। तथा मथुरा से गाय वाले बाबा, तलवार वाले बाबा, गिरी महाराज एवं पाठक बाबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा ने सामाजिक कार्य एवं स्वास्थ्य सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस स्वास्थ्य कैंप का सफल आयोजन डॉ आर के सिंह के नेत्रात्व 110 लोगों का नेत्र परीक्षण कुशल डॉक्टर द्वारा ग्राम गल्ला खेड़ी में किया गया। नेत्र जांच शिविर बाद 45 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम 'शहर से गांव की ओर' को जोड़ने की अवधारणा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। सभी सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि को पीतल की गाय प्रतिमाएं प्रदान की गई।कार्यक्रम के उपरांत सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम आगे चलाने के विभिन्न संगठनों एवं गांव के लोगों द्वारा अपने अपने मे आने एवं यज्ञ करने के अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला महामंत्री दीपक सरोहा ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष युवा पारुल चौहान, डॉ विजयपाल सिंह, नवनीत कुमार नीटू ,ओम प्रकाश सिंह, रामपाल सिंह, चंद्रशेखर सिंह, नवल सिंह, हेमराज सिंह, मास्टर भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बीते दिनों हुए सड़क हादसे में युवक की इलाज के दौरान मौत

लुकमान खान



**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** तेज रफ्तार और लापरवाही से जा रहे ट्रैक्टर नें युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों ने इलाज में व्यस्त रहने के कारण देरी से थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस नें मामले में चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गोरा निवासी रिजवान खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र शहबाज और भतीजा कामिल बीती 13 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे किसी आवश्यक कार्य से मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल खड़ी कर कामिल करने चला गया, जबकि शहबाज वहीं खड़ा था। तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में शहबाज गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल राममूर्ति अस्पताल भोजीपुरा ले गए, जहां उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है। घायल की गंभीर स्थिति के चलते परिजन तत्काल थाने नहीं पहुंच सके।घटना के तीन दिन बाद, 16 अप्रैल को रिजवान खां थाने पहुंचे और आरोपी ट्रैक्टर चालक इलियास निवासी रापुर बिचपुरी के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस नें मामले में रायपुर विचपूरी गांव निवासी इलियास पुत्र अच्छन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार नें बताया मामले में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# ब्लॉक सभागार में अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत विधानसभा संगोष्ठी हुई आयोजित



लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** ब्लॉक सभागार में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक बाबूराम पासवान ने अनुसूचित जाति समाज से जुड़े सक्रिय प्रबुद्धजनों को शॉल ओढ़ाकर तथा बाबा साहेब का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम. अरोड़ा जी, अध्यक्ष पूर्व महानगर बरेली रहे, जिनके सानिध्य व मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को समानता, स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों पर आधारित प्रगतिशील संविधान दिया। शिक्षा, संगठन और संघर्ष के उनके संदेश को अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश भारती, प्रफुल्ल मिश्रा, महादेव गाईन, हर्ष प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अटारी में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में उमड़ा महिलाओं का जनसैलाब

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**लखनऊ।** माल के अटारी ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान/प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने अटारी कोठी पर शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदस्य महिला आयोग प्रियंका मौर्य व अंजू प्रजापति रहीं।

इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया, जिससे यह ऐतिहासिक बन गया। यह सम्मेलन नारी सशक्तिकरण और महिला सम्मान को समर्पित था, जिसमें महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सम्मेलन का शुभारंभ सदस्य महिला आयोग प्रियंका मौर्य, अंजू प्रजापति व भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात संयोगिता सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम स्थल 'मोदी भइया धन्यवाद' के नारों से गूंज उठा।बड़ी संख्या में महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस दौरान महिलाओं को अधिनियम से मिलने वाले लाभों की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

सदस्य महिला आयोग प्रियंका मौर्य व अंजू प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे उनका प्रतिनिधित्व मजबूत होगा।

संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

यह अधिनियम महिलाओं को नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। नारी सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सशक्त नारी के तीन प्रमुख स्तंभ बताया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अभियान में मानव श्रृंखला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में पोषण पखवाड़ा वर्ष 2026 के अंतर्गत जनपद स्तर पर नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत 'सशक्त नारी, विकसित भारत' का संदेश देते हुए मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण एवं पोषण के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा महिला विभूतियों पर आधारित लघु नाटिका एवं लोकनृत्य जैसे आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महिलाओं के योगदान एवं उनके सशक्तिकरण के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, लाभार्थियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए पोषण एवं महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नारी सशक्तिकरण को विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए सभी को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

# जिलाध्यक्ष भाजपा कविता माधरे की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरेंद्र शर्मा




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद मेंऱ्नारी शक्ति वंदन अभियानऱ् के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम व ऱ्नारी शक्ति वंदन' विषयक प्रेस-वार्ता का आयोजन किया गया। जनपद हापुड़ में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सन्दर्भ में आज आर.के. प्लाजा रेलवे रोड हापुड़ में प्रेस वार्ता जिला अध्यक्ष भाजपा कविता माधरे की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम भाजपा, जिला प्रशासन व सूचना विभाग के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष भाजपा ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल राजनीतिक आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को नेतृत्व एवं निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि होगी, जिससे नीति-निर्माण में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को और अधिक प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह अधिनियम लैंगिक समानता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर स्थापित रूढ़िवादी धारणाओं में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मविश्वास एवं प्रेरणा प्रदान करेगा। इस क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना,कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान,राष्ट्रीय महिला कोष,उत्तर प्रदेश महिला सामर्थ्य योजना,वन स्टॉप सेंटर योजना,181 महिला हेल्पलाइन, सुकन्या समृद्धि योजना सहित उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन जैसी विभिन्न योजनाएँ प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया गया है, जिससे उन्हें समाज में समान अवसर एवं अधिकार प्राप्त हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा कविता माधरे, डॉ कमलेश रानी अग्रवाल, पायल गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, राहुल उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष,जिला मंत्री हितेश मोदी,जिला मीडिया प्रभारी अमित सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम उपरान्त सभी के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी कराई गयी।

# ष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा के जिला टॉपर उत्कर्ष को मिली उपहारस्वरूप रेंजर साइकिल



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**टाण्डा(रामपुर)।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कंपोजिट विद्यालय सरकथल के छात्र उत्कर्ष ने जिला टॉपर बनकर पूरे जनपद का नाम रोशन किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

साइकिल मैन के नाम से मशहूर सत्येंद्र पांडे (उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्वी) ने उत्कर्ष को रेंजर साइकिल पुरस्कार स्वरूप भेंट की। छात्र के माता-पिता और स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में यह कार्यक्रम हुआ। सत्येंद्र पांडे ने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों को एक-दूसरे से प्रेरणा लेकर बेसिक के बच्चों में शैक्षिक सुधार लाना चाहिए। नोडल प्रभाकर गौतम ने नोडल शिक्षिका वर्षा गर्ग के अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने पूरे स्टाफ के सामूहिक प्रयासों को इस सफलता का कारण बताया और अगले वर्ष और अधिक छात्रों के चयन की उम्मीद जताई। एआरपी नीतू सिंह ने छात्रों से लगातार मेहनत करने की अपील की, जबकि एआरपी प्रदीप कुमार ने जनपद में सबसे अधिक 9 छात्रों के चयन पर विद्यालय स्टाफ की खुलकर तारीफ की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रोहिताश सिंह, वरिष्ठ शिक्षक तहसीन आलम, किरन भटनागर, अर्शी शरीफ, प्रभा देवी, नरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह तथा ग्राम प्रधान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष व एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी बने महामंत्री

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति हापुड़ की वार्षिक बैठक सिटी प्लाजा में आयोजित हुई। वार्षिक बैठक में समिति ने ललित अग्रवाल छावनी वालो को 12 वीं बार सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना एडवोकेट मुकुल त्यागी महामंत्री,आशुतोष आजाद को कोषाध्यक्ष व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी को दूसरी बार मीडिया प्रभारी चुना गया। गत वर्ष के आय व्यय ब्यौरे पर चर्चा के साथ इस वर्ष के कार्यक्रमों की चर्चा की गई।

अध्यक्ष ललित अग्रवाल छावनी वालो ने बताया कि इस वर्ष शहीद मेले के 50 वर्ष पूर्ण होने पर शहीद मेले का आयोजन एवं मेले के सभी कार्यक्रम स्वर्णजयंती वर्ष के अंतर्गत किए जाएंगे।

हापुड़ जिले का ऐतिहासिक शहीद मेला 10 मई 1976 को प्रतिवर्ष लगाएं जाने पर समिति का गठन किया गया तब से आज तक यह ऐतिहासिक शहीद मेला लगाया जाता है। इसके लिए समिति के सभी सदस्यों को व्यक्तिगत सूचना पत्र देने के साथ जिले भर में प्रचार प्रसार किया जाएगा जिससे समाज के सभी वर्गों को शहीद मेले से जोड़ा जाए। उपस्थित सभी सदस्यों से मेले में कार्यक्रमों के दौरान अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेले की शोभा बढ़ाने का आग्रह भी किया गया। इसके अलावा कुछ नए दायित्वों की घोषणा भी सर्वसम्मति से की गई जिनमें योगेन्द्र कुमार (मुन्नू आलू वाले) को संरक्षक विशाल अग्रवाल उप प्रधान उदय कंसल मंत्री गुलशन त्यागी मेला संयोजक बनाया गया इसके अलावा नये कार्यकारणी सदस्यों में एडवोकेट अभिलाष कुमार राहुल जिंदल गौरव त्यागी विशाल गोयल (हरे कृष्णा) याशी बंसल चुने गए। विशेष आमंत्रित सदस्यों में संजय अग्रवाल विनोद वर्मा प्रधान रामलीला समिति उमेश सिंह महामंत्री रामलीला समिति हापुड़ चुने गए।

# मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत




हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक कुमार पांडेय के निदेर्शानुसार एवम् जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार आज हापुड़ जिले के ग्राम सबली उच्च प्राथमिक विद्यालय में आज बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित बाल विवाह के विरुद्ध 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवम्नारी शक्ति वन्दन पर अध्यापिकाओं व आंगनवाडी कार्यकत्री बहनो के साथ व सभी विद्यालयों में अभिमुखीकरण कार्यकम किया गया एवम् अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न हो उसकी रोकथाम करने के लिए बालिकाओं को जागरूक किया गया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शपथ दिलाई गई जिसमें महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन टीम व वन स्टॉप सेंटर के द्वारा महिला कल्याण विभाग व शासन के द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओ के बारे में भी जानकारी दी गई। महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रही निराश्रित महिला पेंशन योजना वृद्धा पेंशन योजना दिव्यांग पेंशन योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना साइबर क्राइम आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर के बारे में व समस्त टोल फ्री नंबर 181 112 1098 1090 108 1076 1930 के बारे में की जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक नेहा त्यागी जी और वन स्टॉप सेंटर से सोनिया विद्यालय से प्रधानाचार्य अशोक कुमार कश्यप जी एवं सह अध्यापक, सविता सहारन, कुसुमलता, शिल्पी, सुधा बाला भारती अशु त्यागी, आरती त्यागी व हब की टीम से गौरव मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना और ग्राम निधि से निर्मित ईंटगाँव ग्राम पंचायत के बारात घर का भव्य लोकार्पण

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद पीलीभीत के विकासखंड बिलसण्डा अंतर्गत ग्राम पंचायत ईंटगाँव में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना तथा ग्राम निधि से निर्मित बारात घर का लोकार्पण आज बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मा. श्री विवेक कुमार वर्मा जी, विधायक 130 विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। यह बारात घर ग्रामीण जीवन को समृद्ध बनाने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे गांव की बहन-बेटियों के विवाह समारोहों के लिए एक शानदार और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो गया है। अब शुभ कार्यों जैसे विवाह, नामकरण आदि में ग्रामीणों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने भारी संख्या में भाग लिया। सभी ने प्रधान श्री रोहित कुमार के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। लोकार्पण समारोह के दौरान विधायक श्री विवेक कुमार वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। ग्राम निधि के सदुपयोग से ऐसी योजनाओं को अमल में लाया जा रहा है, जो सीधे ग्रामीणों के हित में हैं। उन्होंने प्रधान रोहित कुमार को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों को भी शीघ्र गति दी जाएगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रोहित कुमार, पंचायत सदस्य, ग्रामवासी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस नई सुविधा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे गांव का स्वरूप बदलेगा और सामुदायिक एकता मजबूत होगी। इस उपलब्धि से ईंटगाँव के ग्रामीण उत्साहित हैं और आशा कर रहे हैं कि भविष्य में भी ऐसी विकास योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

# बूंदीभूड़ गांव में शराब भट्टी के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, विरोध प्रदर्शन कर हटाने की मांग



लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत के थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव बूंदीभूड़ में प्रस्तावित शराब भट्टी को लेकर महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया। गुरुवार सुबह दस बजे बड़ी संख्या में महिलाएं शराब भट्टी के पास एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से शराब भट्टी को गांव से हटाने की मांग की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि गांव में शराब भट्टी खुलने से माहौल खराब होगा और बच्चों व युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब की दुकान खुलने से आए दिन झगड़े, घरेलू हिंसा और अपराध की घटनाएं बढ़ सकती हैं, जिससे गांव की शांति भंग होगी।

महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि वे किसी भी हालत में गांव में शराब भट्टी नहीं खुलने देंगी।महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगी। शशिकला, सरिता, गुड्डी, मंजू, बबिता, रीमा, सुधा, राजभर और गौतम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्रज धाम आश्रम का चौदहवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से प्रारम्भ

## लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण का अभिन्न अंग है श्रीधाम वृन्दावन : महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** गऊ घाट/परिक्रमा मार्ग स्थित ब्रज धाम आश्रम में मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.) मुम्बई के द्वारा ब्रज धाम आश्रम का चौदहवां वार्षिकोत्सव महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी अनंतानंद महाराज की पावन अध्यक्षता में धूमधाम से प्रारम्भ हो गया है,जो कि विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य 19 अप्रैल 2026 तक चलेगा।



महोत्सव के प्रथम दिन देश-विदेश से आए भक्तों-श्रद्धालुओं ने पूज्य महाराजश्री का पूजन अर्चन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। सायं काल सरस भजन संध्या संपन्न हुई।

जिसमें देश के कई प्रख्यात कलाकारों ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण, सदगुरू एवं ब्रज महिमा से संबंधित भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया।

इस अवसर पर समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीधाम वृन्दावन की महिमा बताते हुए महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन कोई साधारण भूमि नहीं है अपितु ये स्वयं लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण का अभिन्न अंग है। इस पावन दिव्य भूमि पर वही भक्त आ पाते हैं,जिन पर स्वयं श्रीराधा कृपा करती हैं।

प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव के अंतर्गत 18 अप्रैल 2026 को प्रातः 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक श्रीविष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं तुलसी कृष्णार्चन आदि होंगे।

इसके अलावा सायं 04 बजे से रात्रि 09 बजे तक विलक्षण प्रतिभा प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 09 से 12:30 बजे तक विराट संत-सम्मेलन आयोजित होगा।

जिसमें देश के प्रख्यात संत, विद्वान और धमार्चार्य भाग लेंगे। महोत्सव का समापन सन्तों, विद्वानों व धमार्चार्यों के सम्मान एवं वृहद भंडारे के साथ होगा।

महाराजश्री के परम्कृपापात्र शिष्य (उत्तराधिकारी) स्वामी दीप्तानंद महाराज व आश्रम के महाप्रबंधक निरंजन ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से इस आयोजन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# सपा नेता ने लिया गोवर्धन में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण का संकल्प

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** समाजवादी पार्टी के नेता महेश चंद शर्मा उर्फ गोल्डी भैया ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर एक बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र की जनता उन्हें गोवर्धन विधानसभा सीट से विजयी बनाती है, तो वह गोवर्धन में भगवान परशुराम जी का भव्य और आकर्षक मंदिर बनवाएंगे। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जी की विशाल और दिव्य मूर्ति की स्थापना भी कराई जाएगी।



गोल्डी भैया ने कहा कि भगवान परशुराम जी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के प्रमुख प्रतीकों में से एक हैं, जिनकी शिक्षाएं और आदर्श समाज को धर्म, साहस और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गोवर्धन धार्मिक दृष्टि से पहले से ही एक महत्वपूर्ण स्थल है, और यहां इस प्रकार का मंदिर बनने से क्षेत्र की धार्मिक गरिमा और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण आधुनिक सुविधाओं और पारंपरिक वास्तुकला के समन्वय से किया जाएगा, जिससे यह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। गोल्डी भैया ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें समर्थन दें, ताकि वे गोवर्धन के समग्र विकास के साथ-साथ उसकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को और सशक्त बना सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जनता उनके इस संकल्प को पूरा करने में उनका साथ देगी।

# एनएच-730 पर अनियंत्रित पिकअप पलटी, बड़ा हादसा टला



असदुल्लाह सिद्दीकी

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र चिल्हियां अन्तर्गत एचएच-730 पर परसिया मोड़ स्थित समय माता के स्थान के समीप शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं हादसे के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिकअप तेज रफ्तार में थी, तभी चालक वाहन (पिकअप) पर नियन्त्रण खो बैठा, जिससे गाड़ी सड़क किनारे पलट गयी। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ा जनहानि नहीं हुई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियन्त्रित करते हुए यातायात को सुचारू कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन (पिकअप) को हटाने का कार्य भी कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पालिका चेयरपर्सन सना खानम ने वार्ड 42 का किया निरीक्षण

## शहर की सफाई व्यवस्था से नहीं किया जायेगा कोई समझौताः सना खानम

गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** रामपुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना खानम ने वार्ड तीन स्थित पनवडिया का निरीक्षण किया तथा वार्ड 42 में थाना टीन मदरसा फैजुलउलूम के पास निर्मित सड़क की गुणवत्ता की परख एवं जांच की।

पालिका चेयरपर्सन सना खानम ने पनवडिया मदरसे के प्रबंधक मौलाना अनसार से संपर्क स्थापित कर वहां की समस्याओ, सडक निर्माण, मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए फागिंग कराने तथा सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये।

मौलाना असार ने बरेली गेट से भमरौआ रोड तक पालिका के पक्के नाले के साथ कच्चे नाले को भी पक्का कराने व भमरौआ रोड पर पुलिया का निर्माण कराये जाने की मांग की। पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 42 के थाना टीन स्थित मदरसा फैजुल उलूम के पास पालिका द्वारा निर्मित इंटर लाकिंग की गुणवत्ता की जांच एवं परख की और लोगों से सीधा संवाद कर समस्याओं को जाना।



उन्होंने वार्ड की अन्य सभी जर्जर सड़को के निर्माण एवं मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में सफाई व्यवस्था को विशेष ध्यान देकर शहर स्वच्छ बनाने का काम किया जायेगा। उन्होने कहा कि जो लोग सफाई में अनियमितता बरतेगे उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर मुख्य सफाई खाद्य निरीक्षक दिलशाद हुसैन, निर्माण लिपिक रफत शेर खान, सफाई निरीक्षक देवेन्द्र बहादुर गौतम आदि मौजूद थे।

# तारीखी शहर रामपुर में बेशर्मी हुई आम

गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** रामपुर तारीखी शहर के नाम से पूरे भारत में जाना व पहचाना जाता है। रामपुर की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पूरे मुल्क में दी जाती है। नवाबों के शहर रामपुर में हमेशा अदबी और सास्कृतिक गतिविधियां अपने पूरे जोश व खरोश के साथ मनाई जाती है। रामपुर का मिजाज पर्दानशीं रहा है और महिलाओं का पूरा सम्मान किया जाता है लेकिन कुछ रेस्टोरेंट, कैफे व होटल इसकी साख को बट्टा लगाने में लगे हुए हैं।

लोगों का कहना है कि तहजीब के शहर रामपुर में रेस्टोरेंट, कैफे व होटलों में स्कूली बच्चियां पूरी तरह बिगड़ रहीं हैं। रामपुर मनचले युवक स्कूल की लड़कियों को ऐसे रेस्टोरेंट, कैफे व होटलो में बुलाकर उनके साथ क्या करते है इसको बताने की जरूरत नहीं है।

शिक्षा के क्षेत्र में काफी दूर रामपुर के लोग अब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का काम कर रहे है लेकिन शिक्षा की आढ़ यह मनचले युवक लडकियों को बहला फुसलाकर ट्यूशन के नाम होटलों में ले जा रहे है जो शहर के लिए चिंता का विषय है। मजेदार बात तो यह है कि उक्त रेस्टोरेंट, कैफे व होटल संचालकों ने अपने होटलों में केबिन बना रखे हैं और इन केबिनों का एक घंटे का रेट पांच सौ से एक हजार रुपए तक है। रेस्टोरेंट संचालकों को अच्छी तरह मालूम होता है कि मनचले युवक लडकियों को क्यों यहां लाते हैं। इसका यह खूब फायदा उठा रहे है। ऐसे ही रहा तो रामपुर में कभी भी कोई बड़ा बवाल हो सकता है। बताया जाता है कि शाहबाद गेट से सिविल लाइन, शाहबाद गेट से स्टार चौराहा, ईदगाह से नवाब गेट, शाहबाद गेट से बरेली गेट व हाइवे पर यह गौरख धधा खूब फलफूल रहा है। हालाकि नये कप्तान की आमद के बाद हाइवे पर कुछ होटलों पर छापामार कार्यवाही की गई थी और उसके बाद उन्हे सील भी बर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद भी शहर के अंदर यह गौरखधंधेबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं जिनके खिलाफ ठोस कानूनी कार्यवाही की जानी जरूरी है ताकि घर से निकलने वाली बच्चियों सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ही फोकस कर सकें।

# नारी शक्ति वन्दन अधिनियम से महिलाओं का होगा तेजी से सशक्तिकरण : अनुपमा सिंह

## पीएम ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर रचा इतिहास - उमा अग्रवाल

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़. अन्तर्गत शोहरतगढ़ नगर पंचायत सभागार में शुक्रवार को भाजपा की नारी शक्ति वन्दन संगोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम चलाया गया, जिस कार्यक्रम की संयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़.उमा अग्रवाल रही। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अनुपमा सिंह रहीं। इस दौरान मुख्य अतिथि अनुपमा सिंह ने नारी शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा। इस दौरान मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा, महिला मौर्चा अध्यक्ष देवकी नन्दनी चौधरी, रुपा देवी, सुमन पासवान, निर्मला केवट, सावित्री केवट, वन्दनी निषाद, सुनीता देवी, सुमन निषाद, मधू भारती, माला देवी, ज्योति देवी, लक्ष्मी देवी, सोनम चौधरी, शीला देवी आदि सैकड़ों की संख्या महिला शक्ति उपस्थित रहीं।




# उत्तर प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : मोहिबुल्लाह नदवी



गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व सासदों की एक बैठक संसद भवन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा आगामी 2027 उप्र विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर था। बैठक में पार्टी की मजबूती और जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का चुनाव उप्र के भविष्य के लिए निर्णायक होगा। सपा केवल चुनाव नहीं बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहीं है। हमें अभी से बूथ स्तर तक जाकर जनता के बीच सरकार की विफलताओं को उजागर करना होगा। पीडीए की एकता ही प्रदेश में खुशहाली और विकास का नया सवेरा लायेगी। हमारे कार्यकर्ता और पदाधि कारी आज से ही मिशन 2027 के संकल्पा के साथ मैदान में उतरे। रामपुर के सासद मोहिबुल्लाह नदवी ने क्षेत्र और प्रदेश की स्थिति पर जोर देते हुए कहा कि जनता आज बदलाव की ओर देख रही है। महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक उदासीनता से लोग त्रस्त है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज बुलन्द करेंगे। 2027 में सपा की सरकार बनाना हमारा एकमात्र लक्ष्य है ताकि समाज के हर वर्ग को न्याय और सम्मान मिल सकें। 2027 के चुनाव के लिए संगठन को ब्लाक और बूथ स्तर पर सक्रिय किया जायेगा। पार्टी के विजन को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के जरिये जन-जन तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एड ने दी।

# भारत से नेपाल पेट्रोल लेकर जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बजहां/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** भारत से नेपाल लेकर जा पेट्रोल-डीजल की तस्करी करने वालों के खिलाफ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने धरपकड़ तेज कर दी है। 43वीं वाहिनी के जवानों ने पिलर संख्या 552 के पास मोटरसाइकिल से गैलन लेकर सीमा पार कर रहे दो युवकों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 57 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया है। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी बजहा पोखरभीटवा व बजहा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 552 के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 06 जरीकेन में कुल 57 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम मनोज कुमार, ग्राम भरवांलिया, बजहा बाजार, थाना कपिलवस्तु, जिला सिद्धार्थनगर तथा दिपेन्द्र कुमार पाण्डेय ग्राम भरवांलिया, बजहा बाजार, थाना कपिलवस्तु, जिला सिद्धार्थनगर बताया और स्वीकार किया कि वे उक्त पेट्रोल को भारत से नेपाल अवैध रूप से बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे। गश्ती दल द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पेट्रोल एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सामान को विधिवत जब्ती ज्ञापन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु कस्टम ककरहा को सुपुर्द कर दिया गया। भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए प्रचालन गतिविधियों द्वारा 43वी वाहिनी एस.एस.बी निरन्तर प्रयासरत है जिसके फलस्वरूप एस.एस.बी द्वारा लगातार भारत -नेपाल सीमा पर अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान,मानव तस्करी,नशीली दवा, अवैध मुद्रा व वन्य जीव और उत्पाद को जब्त किया जा रहा है तथा उसमे सम्बंधित लिप्त व्यक्तियों पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से नगर के कस्बे में लगा जाम, राहगीर परेशान



असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** नगर पंचायत शोहरतगढ़. कस्बे में ई-रिक्शा चालकों के मनबढ़ रवैये के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। आये दिन लगने वाले जाम से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक ई-रिक्शा चालक बीच सड़क पर ही वाहन मोड़ देते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं, टोकने पर चालक गोलबन्द होकर विवाद और मार-पीट पर उतारू हो जाते हैं। सबसे ज्यादा हालात पुलिस पिकेट के आस-पास खराब हैं। खुनुवां रोड पर पिकेट से महज 10 मीटर दूरी पर ही ई-रिक्शा खड़े कर दिये जाते हैं, जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। ड्यूटी पर तैनात पुलिस और होमगार्ड भी बेबस नजर आ रहे हैं। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चालकों को न नियमों का डर है और न ही पुलिस कार्रवाई का। उन्हें केवल सवारी और कमाई से मतलब है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए यातायात व्यवस्था सुधारने की अपील की है।

# एसएसबी व पुलिस की सयुंक्त टीम ने नशीली दवाओं के साथ व्यक्ति को पकड़ा

असदुल्लाह सिद्दीकी

**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी अलीगढ़वा और पुलिस के जवानों ने संयुक्त विशेष नाका के दौरान शुक्रवार को नशीली दवाओं के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा कसूचना प्राप्त हुआ कि सीमा स्तंभ संख्या 549 के समीप से नशीली दवाओं की तस्करी होने वाली है कसूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी अलीगढ़वा और पुलिस थाना कपिलवस्तु की संयुक्त विशेष नाका दल चिन्हित स्थान पर पहुंचे क कुछ समय पश्चात नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति सलारगढ़ गाँव के रास्ते मोटरसाइकिल से भारत से नेपाल की ओर जा रहा था कजैसे ही उस व्यक्ति की नजर नाका दल पर पड़ा वह मोटरसाइकिल मोड़ कर भागने लगा लेकिन संयुक्त नाका दल द्वारा तत्परता के साथ घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया और उसके भागने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि उसके पास नशीली दवाए है कनाका दल द्वारा समवाय कमांडर को सूचित कर मौके पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाया गया और उनकी उपस्थिति में उस व्यक्ति की तलाशी ली गई जिसमें उसके पास से Tramalab (Spasmo) 221 कैप्सूल तथा 105 टैबलेट ALPRAPAX 0.5 MG नशीली दवा बरामद हुआ कपूछ- ताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम राम मूरत, ग्राम महूवारी पोस्ट नई कोट, थाना नौतनवा, जिला महराजगंज बताया। संयुक्त नाका दल द्वारा सभी दवाओं को जब्त कर मोटरसाइकिल सहित तस्कर को पुलिस थाना कपिलवस्तु को सुपुर्द कर दिया गया।



# सीए बनना चाहते हैं आरुष शंकर, 95 प्रतिशत अंक के साथ दसवीं पास की

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन के दसवीं कक्षा के छात्र आरुष शंकर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की है।

वह सीए बनना चाहते हैं।वह कहते हैं कि हॉस्टल में रहकर प्रतिदिन आठ घंटे पढ़ाई करते थे, पढ़ाई करना कभी नहीं छोड़ा। वह कहते हैं कि पढ़ाई से घबराना नहीं चाहिए। आरुष बताते हैं कि पढ़ाई का समय लंबा होने के बजाय गहन होना आवश्यक है।

बताया कि जितना अध्ययन करते थे, उतना मन लगाकर करते थे। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी है।

इस सफलता का श्रेय वो अपनी मां अंजली वर्मा को देते हैं।



जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया,समय समय पर उनका मार्गदर्शन भी किया।

# जीवन में सफल होने के लिए सपने देखना जरूरी है- विपिन जायसवाल

## हैप्पी आल पब्लिक स्कूल लोहरौली में संपन्न हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया संवाददाता





**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के हैप्पी आल पब्लिक स्कूल लोहरौली बाजार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिए। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विविध मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाई।

समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। थाना दुधारा क्षेत्र के हैप्पी आल पब्लिक स्कूल लोहरौली बाजार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर(एनआईसी) भारत सरकार बिपिन जायसवाल ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए सपने देखना जरूरी है। आपका एक निश्चित लक्ष्य होना चाहिए। जब आपने लक्ष्य बना लिया तो उस लक्ष्य की प्राप्ति होने तक कड़ी मेहनत करें।

विशिष्ट अतिथि नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ाडिहाबेग के प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह ने कहा कि कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता यह आप पर निर्भर करता है कि आप उसे किस तरह लेते हैं हमेशा सकारात्मक सोचें। अपने समय का सदुपयोग करें। आधुनिक जानकारियों से खुद को अपडेट करें। अपने से बड़ो का सम्मान करें। प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीखने का प्रयास करें।

प्रबंधक हाफिज मकसूद अहमद नदवी ने कहा कि उनका हमेशा से प्रयास रहा है कि बच्चों में कम्पटीशन की भावना विकसित की जाय। हर बच्चे में प्रतिभा होती है आवश्यकता है उसे तराशने की जो कि हमारे शिक्षक बखूबी अंजाम दे रहें है। यहीं कारण रहा है कि हमारे विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये।

समारोह में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिए।

समारोह में एआरसी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मूड़ाडिहा बेग के प्रबंधक व एआरसी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के एमडी शमशेर अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर बरकतुल्लाह,फिरोज अहमद, अवध गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जमाल अहमद, शकील अहमद शकील, अहमद जमाल अंसारी, कमरे आलम सिद्दीकी, निसार अहमद, मुकामत हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### इन लोगों को किया गया पुरस्कृत

जोहा मकसूद को स्टूडेंट आफ द इयर एवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रत्येक कक्षा से पांच विद्यार्थियों को टैलेंट परमोशन टेस्ट एवार्ड पुरस्कृत किया गया।

स्मार्ट ड्रेस एवार्ड-215,पंक्चुअल एवार्ड- 85,को आपरेटिव स्टूडेंट एवार्ड- 11,सीबीएसई बोर्ड परीक्षा एवार्ड- 11,प्रोजेक्ट फाइल एचीवर्स एवार्ड - 2,टीचर्स आफ द इयर एवार्ड- 3,बेस्ट टीचर एवार्ड- 3,को आपरेटिव टीचर एवार्ड- 11,राजलक्ष्मी, शिवांगी यादव, शहनाज खातून को बेस्ट परफार्मर एवार्ड , इरम अली अहमद,दिव्यांशु भारती, बंदना, अनम खान, वंदना सोनी, रूशदा खातून, हिना खान, सौरभ कुमार, सादिका खातून, सदफ खातून, मोहम्मद रेहान को एकेडमी टापर एवार्ड से नवाजा गया।

# स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्र पर पागल कुत्ते का हमला, गंभीर घायल

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में शुक्रवार को स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्र पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।गांव इस्लामपुर घसौली निवासी जयवीर का 12 वर्षीय पुत्र अक्षत गाव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र है। बताया गया कि शुक्रवार सुबह वह घर से स्कूल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से वह घायल हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया है। हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया गया है। पागल कुत्ते के हमले से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्ते पर नियंत्रण की मांग की है। ग्राम प्रधान उमर नवाज ने बताया कि पागल कुत्ते के गांव में घूमने की सूचना ब्लॉक अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही टीम बुलाकर कुत्ते को पकड़वाया जाएगा।

# हनी ट्रैप, प्रकरण पूर्व विधायक ने परिजनों से मिलकर दिया मदद का आश्वासन

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में हनी ट्रैप गैंग के जाल में फंसकर एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शुक्रवार को पूर्व विधायक व सपा नेता राजेश्वर बंसल पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गांव मलकपुर निवासी इस्लाम के 27 वर्षीय पुत्र बिलाल ने विगत 14 अप्रैल को जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। बताया गया है कि आत्महत्या से पहले बिलाल ने दो वीडियो बनाए थे, जिनमें उसने खुद को फर्जी एप और हनी ट्रैप के जाल में फंसा बताया। वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराते हुए मां से माफी मांगी और अपने बच्चों का ख्याल रखने की अपील भी की। घटना के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में बिलाल को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। युवक की मौत के बाद से परिवार में शोक की लहर है। शव दफनाने के बाद परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी पुलिस साइबर टीम की मदद से आरोपियों की तलाश में झुकी हुई है। शुक्रवार को पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि वह जल्द ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। उनके साथ जावेद जंग, पूर्व प्रधान वकील जंग सहित आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# प्रा. स्वा. केन्द्र दुधारा मे हुई चोरी, पीड़िता ने दी तहरीर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना मुख्यालय से चंद कदम दूरी पर चोरों ने दिन दहाड़े चोरो ने निजी आवास के पीछे से दरवाजा तोड़कर नकदी और जेवर उठा ले गये।

दुधारा थाना के स्थानीय गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र दुधारा में तैनात स्टाफ नर्स पुष्पा शर्मा ने मुकामी पुलिस को दिये गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह दिनांक 17 अप्रैल को दो बजे से चार बजे के बीच अपने सहकर्मियों के साथ डिलीवरी करा रहीं थीं।

डिलीवरी कराने के बाद वह अपने निजी सरकारी आवास पर गई तो पीछे का टूटा हुआ था और वह पीछे से बन्द था जिसकी सूचना उन्होंने अपने सहकर्मियों को दी।

सहकर्मियों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो बड़ा बक्सा और अलमारी खुला हुआ और सामान इधर उधर फैला हुआ था। अज्ञात चोर मेरा बाली, पावजेब, नथ्था और नकद 6000 उठा ले गये। उन्होंने मामले में तत्काल कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

थाना से चंद कदम की दूरी पर हुई दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना की क्षेत्र मे चर्चा जोरो पर है।

# हाईवे पर दो हादसे: तेज रफ्तार से बचने में तीन घायल, एक अन्य युवक भी गिरकर चोटिल

मोहसिन रहमानी







**कांधला(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में मां-बेटा और पौत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक अन्य युवक भी बाइक फिसलने से चोटिल हो गया।

सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बागपत जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के गांव असारा निवासी फारूक अपनी मां मुनिजा और नौ वर्षीय पुत्र अर्श के साथ बाइक से शामली दवाई लेने जा रहे थे।

जैसे ही वह किंवाना मोड़ के पास पहुंचे, सामने से तेज गति से आ रही एक अन्य बाइक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

एंबुलेंस टीम ने घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया। दूसरी और हादसे में कैराना क्षेत्र के गांव भूरा निवासी शुभम बागपत से बाइक द्वारा लौट रहा था।

एलम के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह गिरकर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सड़क पर चलने वाले लोगों से सावधानी से वाहन चलाने व हेलमेट लगाकर चलने की अपील की है।

# जूनियर कक्षाओं के 250 छात्र -छात्राओं में वितरित हुई नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में कक्षा 6, 7 व 8 में अध्ययनरत दो सौ पचास से अधिक छात्र- छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से प्राप्त पुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तकों को पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। विद्यालय में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पढ़ाई शुरू हो गई है।

इस आशय की जानकारी प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने दी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत छात्र संख्या के सापेक्ष पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक से निरंतर समन्वय स्थापित किया जा रहा था।

जिसके कारण विद्यालय को समय से पुस्तक प्राप्त हो गए। बेसिक शिक्षा विभाग से प्राप्त पुस्तकों का आज वितरण किया गया है।

उन्होंने बताया कि कक्षा 6, 7 व 8 गणित और उर्दू विषय की पुस्तक प्राप्त नहीं हो पाई हैं जिसको प्राप्त करने के लिए कोशिश की जा रही है। हम जल्दी ही उन पुस्तकों को भी बच्चों को उपलब्ध करा देंगे। जिन छात्र छात्राओं को अभी पुस्तक नहीं मिल पाई हैं, उन्हें अगले सप्ताह में उपलब्ध करा दी जाएंगे।

इस दौरान फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, अखिलेश कुमारी, हकीमल्लाह, फखरुद्दीन, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# नवादा रोड पर जल निकासी के लिए नाला निर्माण का कार्य शुरू

## दो करोड़ की लागत से काजीपुरा कब्रिस्तान के सामने से सर्किट हाउस रोड तक बनेगा आरसीसी नाला

वेलकम इंडिया संवाददाता





**सहारनपुर।** नवादा रोड वार्ड 10 में आज महापौर डॉ. अजय कुमार, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व नगरायुक्त शिपू गिरि ने नारियल फोड़कर व गेंती चलाकर आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब दो करोड़ चार लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस नाले के निर्माण से नवादा रोड के लोगों को जलभराव से राहत मिलेगी। महापौर डॉ.अजय कुमार ने नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह एक बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य है, इससे जहां नवादा रोड पर पानी की निकासी होने से लोगों को राहत मिलेगी वहीं लोगों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा और आवागमन में भी क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि दो करोड़ चार लाख रुपये की लागत से काजीपुरा कब्रिस्तान के सामने से सर्किट हाउस रोड तक नाले का निर्माण होने जा रहा है। इससे वर्षो से चली आ रही जलभराव की समस्या का समाधान होगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन और सहयोग से सहारनपुर में जलभराव की समस्या हल करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जहां नवादा रोड पर आरसीसी नाला निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है वहीं क्रेगी नाले निर्माण और ढमोला सफाई के लिए योगी सरकार ने बड़ी राशि स्वीकृत की है। पूर्व विधायक जगपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा व पार्षद दिग्विजय चौहान ने कहा कि क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इस क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से जल निकासी की समस्या चली आ रही थी अब नाला निर्माण से इस समस्या का जल्दी ही समाधान होगा। मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद ने नाला निर्माण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि निर्मित किये जाने वाले आरसीसी नाले की



लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई एक मीटर होगी। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा ने महापौर का पगड़ी पहनाकर और सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम नगरायुक्त शिपू गिरि, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद दिग्विजय चौहान, संजय सैनी, वीरेंद्र उपाध्याय, सोपिन पाल, मोहरसिंह, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण, नामित पार्षद मुरारी खेतवाल, मंडल अध्यक्ष जोगिंदर लाला, भाजपा के विनोद कश्यप, संदीप रावत, राकेश राणा तथा क्षेत्र के रियासत, पिंटू जुनेजा, गौरव त्यागी, सुलेमान प्रधान, मास्टर ज्योतिलाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीरेंद्र आजम ने किया।

# जहरखाने से 21 वर्षीर्या युवती की इलाज के दौरान मौत





वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासिनी 21 वर्षीर्या युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। परिजनों ने सीऐचसी पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना दुधारा के रसूलपुर निवासी मो. इशहाक पुत्र यार मोहम्मद ने दुधारा पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरी बहन मोमिना खातून(21) की शादी का रिश्ता ग्राम अहिरौली थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के सहजाद पुत्र मुबारक हुसैन उर्फ अर्जुन टेंट वाला के साथ दो वर्ष पूर्व तय हुआ है और छेकाई में कैश 85000 व पूरे परिवार के लोगों का कपड़ा आदि सामान दिया गया है।

छः माह से सहजाद जो फोन पर मेरी बहन के पास फोन करके शादी से इंकार करते रहें। इस बात प्रताड़ना से मेरी बहन ने जहर खा ली। आनन फानन बहन को सरकारी अस्पताल लें गये जहाँ इलाज के दौरान मौत हों गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जहरखाने से 21 वर्षीर्या युवती की इलाज के दौरान मौत

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** दुधारा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासिनी 21 वर्षीर्या युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। परिजनों ने सीऐचसी पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना दुधारा के रसूलपुर निवासी मो. इशहाक पुत्र यार मोहम्मद ने दुधारा पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरी बहन मोमिना खातून(21) की शादी का रिश्ता ग्राम अहिरौली थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के सहजाद पुत्र मुबारक हुसैन उर्फ अर्जुन टेंट वाला के साथ दो वर्ष पूर्व तय हुआ है और छेकाई में कैश 85000 व पूरे परिवार के लोगों का कपड़ा आदि सामान दिया गया है। छः माह से सहजाद जो फोन पर मेरी बहन के पास फोन करके शादी से इंकार करते रहें। इस बात प्रताड़ना से मेरी बहन ने जहर खा ली। आनन फानन बहन को सरकारी अस्पताल लें गये जहाँ इलाज के दौरान मौत हों गई।

# गागलहेड़ी श्री रूपराम इंटर नेशनल एकेडमी में कक्षा 10 का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा,

राजीव चौधरी





**सहारनपुर/गागलहेडी(वेलकम इंडिया)।** सृष्टि सैनी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय कस्बे व क्षेत्र को गौरवान्वित किया विद्यालय प्रबंधक डॉ अमित कुमार सैनी ने बच्चो को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी सीबीएसई 10 वी बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

सृष्टि सैनी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान व विद्यालय टॉप किया। मानसी कांबोज ने 96.4 प्रतिशत व आरोही सैनी ने 95.2 प्रतिशत, खालिद नूर 93 प्रतिशत, उन्नति जिंदल 92.8 प्रतिशत, नैतिक सैनी 88.2, लक्ष्य 87.2, कासवी कांबोज 84.4, भाविका रोहिला 84.4, हुमैरा अंसारी 83.6, नव्या परवाल 83.4, अंश 80.6 व आनिया ईरम ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रबंधक डॉ अमित कुमार सैनी ने बच्चो व स्टाफ की मेहनत पर खुशी जताते हुए बच्चो को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि कम्पीटिशन के दौर में बच्चो का पास होना ही काफी नही है, क्योंकि एडमिशन से लेकर नोकरी पाने तक मे मेरिट में आना जरूरी है।

प्रधानाचार्य प्रशांत अग्रवाल ने बच्चो की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि गुरु की तपस्या भी तभी सफल होती है, जब शिष्य सफल हो जाए। उन्होंने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तो अब समय पर नहीं हो सकेंगे प्रदेश के पंचायत चुनाव, 10 जून को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी पत्र के बाद सिटिंग पंचायत प्रतिनिधियों के चेहरे पर फैली मुस्कान

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर होने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 10 जून को होगा। आयोग के इस दिशा निर्देशन के बाद पंचायत प्रतिनिधियों के चेहरे पर जहां स्मित मुस्कान नजर आ रही है वहीं कार्यकाल बढ़ने अथवा प्रशासक तैनात होने के सवाल पर अटकलेबाजी का दौर भी शुरू हो गया है।

26 मई को गांवों की सरकारों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अभी तक पंचायत चुनाव समय पर होने अथवा न होने की संभावनाओं पर बहस चल रही थी। गंवई फिजाओं में तैरती चुनावी संभावनाओं के बीच शुक्रवार को प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह द्वारा जारी नए दिशा निर्देश को उल्लेखित करता पत्र सोशल मीडिया पर जारी हुआ तो समय पर चुनाव होने की संभावनाओं पर विराम लग गया। पत्र के अनुसार 21 अप्रैल 2026 से 28 मई 2026 तक मतदाताओं के डुप्लीकेशन और कंप्यूटरीकरण का कार्य होगा।

29 मई 2026 से 9 जून 2026 तक मतदान केंद्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां करना आदि कार्य कराया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों का जनमानस के लिए अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 को होगा। ऐसे में प्रदेश में पंचायत चुनाव के समय पर होने की संभावनाओं पर पूर्ण विराम लग गया है। आयोग के इस पत्र ने वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों के चेहरे पर मुस्कान ला दिया है। अभी तक चुनाव समय पर होगा या नहीं के सवाल की जगह कार्यकाल बढ़ेगा या प्रशासक तैनात होंगे की संभावनाओं पर अटकलें बाजी शुरू हो गई है। कुछ लोग जहां उत्तराखंड सरकार द्वारा कार्यकाल बढ़ाए जाने की नजीर प्रस्तुत कर रहे हैं तो कुछ लोग इसमें आने वाली कानूनी अड़चनो का हवाला देते हुए प्रशासक की तैनाती पर बल दे रहे हैं। चुनाव आयुक्त के इस पत्र के बाद एक बड़ा तबका 2027 के विधान सभा चुनाव के बाद पंचायत चुनाव होने का दावा कर रहा है तो कुछ लोग सरकार की वन नेशन वन इलेक्शन नीति को आधार बना कर निकाय चुनाव के साथ पंचायत चुनाव होने का दावा कर रहे हैं। फिलहाल चुनाव कब होगा के सवाल के जवाब के लिए लोग हाईकोर्ट, प्रदेश सरकार और चुनाव आयोग के अगले कदम की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

# जिला कारागार में एसडीईएम सीओ ने पहुंच कर महिला बंदियों से किया संवाद



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत शुक्रवार को उपजिलाधिकारी खुर्जा प्रतीक्षा पांडेय एवं क्षेत्राधिकारी यातायात पूर्णिमा सिंह द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक आश्वासन दिया गया। साथ ही, महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मिशन शक्ति सेल प्रभारी सुनीता मलिक एवं जिला सेवा विधिक प्राधिकरण की लीगल काउंसल सुश्री साक्षी शर्मा मौजूद रही।

# टूटा हुआ रास्ता कीचड़ युक्त राहगीर निकलने को परेशान जिम्मेदार मौन

## एसडीएम के सामने ग्रामीणों ने रास्ता को लेकर रोया दुखड़ा

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुलंदशहर।** गुरुवार को एसडीएम अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में गांव पहुंचे थे जहां पर ग्रामीणों ने एसडीएम के सामने इस बदहाल रास्ते का दुखड़ा रोया ग्रामीणों ने कहा है कि साहब हमारे छोटे-छोटे बच्चे हैं जो कि इसमें गिरकर रोज चोटिल भी हो जाते हैं। इस रास्ते से बुजुर्ग आदमी निकल नहीं सकता पैदल भी नहीं निकल सकते हैं आखिर हमारा किया कसूर है कि इस गांव में जल भराव कीचड़ युक्त रास्ता हमेशा बना रहता है जो कि यह रास्ता रानीवाला चौराहे से चलकर पहासू के लिए जाता है ग्रामीणों ने बताया है कि इस संबंध में हमने कई बार ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी से भी शिकायत की है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है उधर एसडीएम ने ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों को इस रास्ते को जल्द सही कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह शीला देवी कृपाल सिंह संतोष सिंह गुरबचन सिंह राकेश देवी सतवीर सिंह प्रमोद कुमार ऋषिपाल सिंह पन्ना लाल इंद्राज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# स्याना पुलिस के हत्थे चढ़े 4 शातिर अभियुक्त



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चार शातिर अभियुक्तों मुफीद मेवाती, अयान, छोटन उर्फ हमजा निवासीगण गाजियाबाद तथा मोहसिन उर्फ मोसिम निवासी बालका, औरंगाबाद को हिरासत में लिया है। कोतवाल रवि रतन सिंह ने बताया कि हाजीपुर बंबा पुलिया के पास से उक्त 4 शातिर चोरों को चोरी/लूट की योजना बनाते हुए अवैध असलाह कारतूस, चाकू, 3 टार्च व 1 कार सहित गिरफ्तार किया गया। कोतवाल रवि रतन सिंह की टीम में उपनिरीक्षक मनीष यादव, उपनिरीक्षक सुमित कुमार, कांस्टेबल पंकज सिंह, राजवीर, अमित कुमार व संदीप कुमार शामिल रहे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि चारों अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं तथा विभिन्न थानों में उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं।

# एसपी देहात ने थाना सलेमपुर का किया औचक निरीक्षण





वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर/सलेमपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन द्वारा थाना सलेमपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेखों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना अभिलेखों को अद्यतन रखने, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के प्रति सजग एवं अनुशासित रहते हुए आमजन से शालीन व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा फरियादियों की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर थानाध्यक्ष नितिन जावला व०उ०नि० तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ता काफी परेशान

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुगरासी।** क्षेत्र में आजकल स्मार्ट मीटरों को लेकर खासा बवाल मचा हुआ है।बरहाना निवासी भूदेव त्यागी ने बताया कि इससे पहले मेरे पोस्टपेड मीटर लगा हुआ था उसके खराब होने पर विभाग ने स्मार्ट मीटर लगा दिये जिसका बिल डेढ गुना आ रहा है और आधी रात को कभी भी मीटर सप्लाई बंद कर देता है। बुगरासी निवासी दक्ष वर्मा ने बताया कि हम पूरे परिवार को लेकर गाजियाबाद गये थे एक माह बाद बद्र स्मार्ट मीटर ने 132 यूनिट निकाल दी जिसको देखकर उपभोक्ता के होश उड गये। इसी तरह क्षेत्र में कोई भी उपभोक्ता ऐसा नही है जो इन स्मार्ट मीटरों से परेशान ना हों।अगर विभाग ने शीघ्र इन मीटरों का समाधान ना किया तो क्षेत्र के सभी उपभोक्ता क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर धरने प्रदर्शन को मजबूर होंगे। उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि बिजली घर बुगरासी पर कोई भी कर्मचारी ऐसा नही है कि जो उपभोक्ताओं को अच्छी तरह समझा सके।

## तालीम रोजगार इंसाफ व एकता का नारा बुलंद करें सलमानी

मनोज सिंहल

**स्याना/बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** स्याना स्थित पट्टी मुसलमानान में अंजुमन फलाह ए सलमानी आफ यूपी स्टेट के संरक्षक हाजी फजलुद्दीन सलमानी के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष इरशाद सलमानी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई और सलमानी समाज को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। संरक्षक हाजी फजलूद्दीन सलमानी ने कहा कि सभी संलमानी भाई आपसी मन–मुटाव को खत्म करके तालीम, रोजगार, इंसाफ व एकता का नारा बुलंद करें। चौधरी रियाजुल हसन सलमानी ने कहा कि शिक्षा अनमोल दौलत है, इसे सलमानी भाई हर कीमत पर हासिल करें। बैठक में तसलीम सलमानी, सगीर सलमानी, साकिब, बॉबी सलमानी, नौशाद सलमानी, अजहर सलमानी, युसूफ सलमानी, भूरा सलमानी, नवाब सलमानी आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों के विवाद में कहीं स्कूली बच्चों का भविष्य बर्बाद ना हो जाए

## स्कूल प्रबंधक ने नगर के कुछ लोगों पर स्कूल का जबरन ताला तोड़कर अंदर घुसने का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर/शिकारपुर।** नगर स्थित कृष्ण कुमार सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में दबंगों द्वारा ताला तोड़कर स्कूल में अंदर घुसने का प्रयास किया गया है।जिसकी सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी गई है। स्कूल प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा आरोप लगाया गया है कि दबंग व्यक्ति बार-बार बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान डालकर बच्चों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं जिससे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में भय बना हुआ है कही उनके बच्चों के साथ किसी प्रकार का कोई अहित न हो जाए।

स्कूल प्रबंधक ने दबंग लोगों के खिलाफ उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। स्कूल प्रबंधक ने बताया कि अधिकारियों के पास से न्याय न मिलने के बाद उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया है।

बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्कूल प्रबंधन के लोगों ने मुख्यमंत्री से भी न्याय की गुहार लगाई है। कमेटी अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया है कि 1978 से यह स्कूल संचालित है और हमारे पास सभी दस्तावेज मौजूद हैं। वही कमेटी के मेंबर जगदीश आर्य का कहना है कि कुछ नगर के लोग स्कूल को अवैध रूप से हथियाना चाहते हैं हमारे पास स्कूल से संबंधित सभी दस्तावेज मौजूद है यदि अधिकारियों के सामने अपने अपने दोनों पक्ष दस्तावेज पेश करें तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। कमेटी में चर्चा है कि दो पक्षों के विवाद में बच्चों का भविष्य कही चौपट न हो जाए।

# 624 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संदीप तिवारी



**कछवारोड़(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात बेनीपुर नहर के पास एक दुकान में नाजायज गांजा बेच रहे एक अधेड़ को गिरफ्तार करते हुए 624 ग्राम गांजा बरामद कर लिया।

पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी खजुरी गणेश पटेल ने बताया कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी एक आदमी बेनीपुर नहर के पास एक दुकान में झोले में रखकर गांजा बेच रहा है।

जिसपर पुलिस टीम के साथ छापा मारकर रोहनिया थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी कुंतली बिन्द को गिरफ्तार करते हुए पुड़िया में बंधा 624 ग्राम गांजा बरामद करते हुए ब्रिकी का 2130 रुपया नगद भी कब्जे में ले लिया।चौकी प्रभारी के तहरीर पर गांजा बेचने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि गांजा बेचने वाले को लिखा पढ़ी के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में चौकी प्रभारी के साथ एसआई अविनाश कुमार सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार यादव व रामाश्रय सरोज रहे।

# बाबा साहेब के पोस्टर फाड़ने और अभद्र पोस्ट पर बवाल, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता




**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खनपुरा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पोस्टर फाड़ने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खनपुरा निवासी विकास पुत्र विजय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अप्रैल 2026 की रात असामाजिक तत्वों ने गांव में लगे बाबा साहेब के पोस्टर फाड़ दिए। आरोप है कि यह पहली बार नहीं है इससे पहले भी कई बार महापुरुषों के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश की जा चुकी है। इतना ही नहीं आरोपियों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर डॉ. अंबेडकर के विरुद्ध आपत्तिजनक फोटो, वीडियो और टिप्पणियां साझा करने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसी हरकतों से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और शांति भंग करने का प्रयास किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जहांगीराबाद पुलिस ने बिना देरी किए तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अब साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है।

प्रकरण बेहद संवेदनशील है। महापुरुषों का अपमान और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम साक्ष्य जुटा रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सुदेश कुमार**
**प्रभारी निरीक्षक**

# नारी वंदन शक्ति अधिनियम पर बुलंदशहर में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** जिला प्रशासन द्वारा नारी वंदन शक्ति अधिनियम के अंतर्गत कलक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल, नगर पालिका चेयरमैन दीप्ति मित्तल सहित शिक्षा, विधि, प्रशासन व सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कई प्रमुख महिलाओं ने सहभागिता की। वक्ताओं में अंशु बंसल, हेमलता अधिवक्ता, सविता प्रजापति, ऋचा राणा, डॉ स्वाति यादव समेत अन्य ने महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता और कानूनी जागरूकता पर अपने विचार रखे। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और सामाजिक व कानूनी सुरक्षा पर विशेष चर्चा की गई।

# गैलेक्सी प्रोडक्शन हाउस ने किया सिंगिंग अवॉर्ड शो 2026 का भव्य आयोजन

विवेक जैन




**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित राजेंद्र भवन में गैलेक्सी प्रोडक्शन हाउस द्वारा कराओके सिंगिंग अवार्ड शो 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। सुप्रसिद्ध गायक योगेश मलिक, यूनुस नसीब और आमिर राजा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर योगेश मलिक, उस्ताद जुनैद खान, यूनुस नसीब, सिकंदर राजा हसन, बहार आलम, एस नासिर, डॉ सुभाष, राजू शील, टीकाराम, अशोक कुमार लेहरी, राकेश कुमार, अजहर फिरदौसी, मोहन धवन, राज प्रिंस, समर खान, तबस्सुम अंसारी, दीप्ति चौधरी, यास्मीन खान, पायल कक्कर, गरिमा सिंह, सुनील पराशर, रवि राठी, धर्मेंद्र तोमर, सीमा डोगरा, सुषमा रानी सहित अनेकों सिंगरस ने अपनी मधुर आवाज में गाने गाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शो के अन्त में सभी सिंगर और अतिथियों को अयाज परफ्यूम व ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया गया। गैलेक्सी प्रोडक्शन हाउस के संस्थापक शफीक उर रहमान ने अवार्ड शो में आने के लिए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शफीक उर रहमान ने कहा कि इस शो का उद्देश्य देश में छुपी हुई सिंगिंग की प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने व नई सिंगिंग प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का था। उन्होने शो के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। सिंगिंग आवार्ड शो की एंकरिंग सुप्रसिद्ध सिंगर पायल कक्कर द्वारा की गयी। इस अवसर पर इंटरनेशनल अवार्डी एवं महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, सुरेन्द्र बावरा, विकास वशिष्ट, तारिक, जीत प्रताप सिंह, संदीप दमानिआ, साजिब, शहरीर सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर सख्ती, उल्लंघन पर कड़ी कार्वाई



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के सभी वाहन डीलरों, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों को मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व हूटर की बिक्री एवं स्थापना पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 182ए(3) के तहत वर्कशॉप संचालकों पर प्रति मामले 1 लाख तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। वहीं, वाहन में अवैध परिवर्तन कराने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 182ए(4) के तहत कार्रवाई करते हुए 6 माह तक की सजा या 5,000 तक जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त धारा 190(2) के तहत ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 3 माह तक की सजा, 10,000 तक जुमार्ना और ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में वाहन का पंजीयन प्रमाण-पत्र (RC) भी निलंबित किया जा सकता है। परिवहन विभाग ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व अन्य ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उपकरण न लगाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने केंद्र सरकार द्वारा जारी निदेर्शों के क्रम में संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की 07 शाखों के कंप्यूटराइजेशन के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी निदेर्शों के क्रम में बैठक का आयोजन किया गया। बैंक के कंप्यूटराइजेशन के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि प्राप्त दिशा निदेर्शों के अनुसार शीघ्रता से बैंकों को कंप्यूटरीकृत किया जाए। बैठक में सीडीओ सुश्री निशा ग्रेवाल, संजय पांडे डीडीएम नाबार्ड क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश, सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीर जी ढावा किराया न मिलने पर चालक ने सीमेंट के फ्रेम उतरवाए, पुलिस ने तहरीर लेने से किया इनकार

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके महाराजपुर निवासी मोहम्मद अली ने 17 अप्रैल शुक्रवार दोपहर तीन बजे बताया ट्रांसपोर्टर पर किराया न देने का आरोप लगाया है। मोहम्मद अली ने बताया कि उन्होंने 13 अप्रैल को अपने 14 चक्का ट्रक संख्या यूपी 26 एटी 7786 में फरीदाबाद हरियाणा से काठमांडू नेपाल ले जाने के लिए सीमेंट के फ्रेम मारुति इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट महाराजगंज से लोड किए थे। ट्रांसपोर्ट स्वामी द्वारा गाड़ी का भाड़ा एक लाख 30 हजार रुपये तय किया गया था।आरोप है कि गाड़ी पूरनपुर पहुंचने पर चालक ने ट्रांसपोर्टर से किराया मांगा, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। चालक को आशंका हुई कि सामान पहुंचाने के बाद किराया नहीं मिलेगा। इस पर चालक ने कई बार संपर्क किया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया।इसके बाद पीड़ित चालक पूरनपुर कोतवाली पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने मामला उनके क्षेत्र का न होने की बात कहकर तहरीर लेने से इनकार कर दिया।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट में मेगा जॉब फेयर 2026 के उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन किया

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद द्वारा से ईस्वारी ऑडिटोरियम में मेगा जॉब फेयर 2026 के औपचारिक उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण (इनवोकेशन) के साथ हुआ, जिसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना संपन्न हुई, जिससे पूरे आयोजन का वातावरण अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक बन गया।

औपचारिक सत्र की शुरूआत डॉ. धोमया भट्ट, डीन - आईक्यूएसी द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके उपरांत डॉ. आर. पी. महापात्र, डीन तथा डॉ. एस. विश्वनाथन, निदेशक ने अपने विचार प्रस्तुत किए और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग तथा छात्रों की करियर तैयारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुश्री संगीता देवी, उप निदेशक - रोजगार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने संबोधन में रोजगार सृजन एवं कौशल विकास से संबंधित सरकारी पहलों पर विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि श्री आर. वी. सखारे, संयुक्त निदेशक - रोजगार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने विशेष संबोधन में बदलते रोजगार परिदृश्य तथा युवाओं के लिए निरंतर कौशल उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। मेगा जॉब फेयर 2026 का औपचारिक उद्घाटन संपन्न हुआ, जो विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख नियोक्ताओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को एक मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

यह आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा तथा इसने संस्थान की छात्रों एवं युवाओं के लिए बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।

# आरकेजीआईटी में 'हैकवाट्र्स 2026' का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गीक्स फॉर गीक्स कैंपस बॉडी के सहयोग से 'हैकवाट्र्स 2026' हाइब्रिड हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकाय समन्वयकों डॉ. गगनजोत कौर एवं राहुल शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 400 से अधिक पंजीकरण हुए, जिनमें से 100 से अधिक प्रतिभागी फाइनल चरण तक पहुंचे। प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य एम वी पी निर्माण एवं गिटहब के माध्यम से व्यावहारिक उपयोग था। प्रतियोगिता में शैडो सिंडिकेट टीम (परम राज सिंह, विवेक चौहान, मोहम्मद फैज, मोहम्मद कैसर आलम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेजीकोडर्स टीम (अरविंद कुमार, ओम कुशवाहा, ऋषभ पाल) ने द्वितीय स्थान तथा कोडक्लैश टीम (आदित्य कुमार झा, सलोनी त्यागी, अभिषेक शर्मा) ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने छात्रों को नवाचार एवं तकनीकी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। साथ ही अक्षत गोयल (उपाध्यक्ष), डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (समूह सलाहकार), डॉ. डी. के. चौहान (कार्यकारी निदेशक), डॉ. आर. के. यादव (डीन - शैक्षणिक), डॉ. रामेंद्र सिंह (डीन - आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ), श्री एच. जी. गर्ग (डीन - छात्र कल्याण) एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों व आयोजन टीम को शुभकामनाएं दीं। यह हैकाथॉन छात्रों के लिए नवाचार, सहयोग और तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

# स्मार्ट मीटर भ्रांतियों पर ध्यान न देकर स्मार्ट मीटर लगवाएं और इसके लाभ उठाएं-उपाध्याय

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के हित में है और इससे बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण संभव है। महेश उपाध्याय ने बताया कि विभाग द्वारा आवासीय और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के यहां तेजी से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

लेकिन जानकारी के अभाव में लोगों के बीच गलत धारणाएं बनी हुई हैं। महेश उपाध्याय के अनुसार स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपनी बिजली खपत का रियल टाइम विवरण मोबाइल एप के जरिए प्राप्त कर सकते हैं। जिससे अनावश्यक खपत पर नियंत्रण संभव होता है। उन्होंने यह भी बताया कि पुराने मीटर के समय जमा सुरक्षा राशि को स्मार्ट मीटर के प्रथम बिल में समायोजित किया जा रहा है। साथ ही निर्धारित रिचार्ज समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं को तीन बार नोटिफिकेशन भेजा जाता है। ताकि समय रहते रिचार्ज कर आपूर्ति बाधित होने से बचा जा सके। यदि किसी कारणवश बिजली कट भी जाती है तो रिचार्ज करते ही आपूर्ति पुनः बहाल हो जाती है। प्रेस वार्ता में विभाग की ओर से जारी जागरूकता सामग्री में भी स्मार्ट मीटर के लाभों को गिनाया गया। जिसमें बिलिंग की पारदर्शिता, कतारों से मुक्ति और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं। अंत में महेश उपाध्याय ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे भ्रांतियों पर ध्यान न देकर स्मार्ट मीटर लगवाएं और इसके लाभ उठाएं।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में भव्य दीक्षांत समारोह, 451 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान

## यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री संवाद में 100 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल

वेलकम इंडिया संवाददाता



**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को गरिमामय एवं भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से संबद्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 451 छात्र-छात्राओं को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार राय (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद), संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार अल्पना रानी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समारोह का आकर्षक शुभारंभ अरवाचीन भारतीय भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बैगपाइप बैंड की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों एवं प्लेसमेंट में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। दीक्षांत समारोह में कुल 451 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 168, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के 103, डेटा साइंस के 66, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 102 विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 66 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा लगभग 4.15 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे ने विद्यार्थियों को आत्मविकास, सशक्त निर्णय क्षमता एवं तकनीकी दक्षता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है।

साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तकनीक तेजी से उन्नत हो रही है और स्वयं को अद्यतन करने में सक्षम है, ऐसे में युवाओं को समय रहते इसे अपनाना आवश्यक है।

इस अवसर पर कुलपति द्वारा संस्थान में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस–रोबोटिक्स एंड ड्रोन लैब तथा स्पेस टेक्नोलॉजी लैब का उद्घाटन भी किया गया। दीक्षांत समारोह के उपरांत 'यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री संवाद' का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत की वर्तमान चुनौतियों एवं उनके समाधान पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, साहिबाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन, गाजियाबाद एवं नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा जिला उद्योग निगम के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इसके साथ ही 100 से अधिक मल्टीनेशनल एवं नवरत्न कंपनियों के संस्थापक, प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं एचआर प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व छात्रों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिनमें से कई सफल उद्यमी के रूप में स्थापित हैं और 50 से अधिक स्टार्टअप का संचालन कर रहे हैं।

समारोह का समापन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। इस दौरान एमआईईटी के कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कुमार जैन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर का औचक निरीक्षण किया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल एन आर -एच एम, डॉ. रविन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी सेवाओं, दवा वितरण व्यवस्था, लैब संबंधी सुविधाओं, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई एवं अस्पताल परिसर की समग्र व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. रविन्द्र कुमार ने चिकित्सकों एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की संतुष्टि, एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति, समयपालन, दवा उपलब्धता एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर, सुलभ एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी।

इसके उपरांत डॉ. रविन्द्र कुमार द्वारा अमराला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी औचक निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने ओपीडी सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित मरीजों से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं उनकी संतुष्टि का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अवनी वर्मा ने 10 मीटर, एयर राईफल, में सिल्वर पदक जीत कर किया नगर का नाम रोशन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अवनी वर्मा पुत्री सचिन वर्मा निवासी मोदीनगर ने उत्तर प्रदेश, 10 मीटर, एयर राईफल, में सिल्वर पदक जीत कर नगर का नाम रोशन किया है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेडियम, अयोध्या में 13 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक हुई 10 मीटर, एयर राईफल,उत्तर प्रदेश प्री स्टेट प्रतियोगिता में अवनी वर्मा पुत्री सचिन वर्मा निवासी मोदीनगर ने सिल्वर पदक जीत कर नगर का नाम रोशन किया है।अवनी वर्मा की शानदार सफलता पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# ठाकुर द्वारा विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत परिणाम रहा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** ठाकुर द्वारा विद्यालय ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छात्रा मानसी वर्मा 98%,सौम्या पोखरियाल 96-17%, चारु सारस्वत 95-17% अंक हासिल किए। दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा



ठाकुर द्वारा विद्यालय का हंड्रेड परसेंट रिजल्ट आने पर प्रिंसिपल पूनम शर्मा, वाइस प्रिंसिपल सभी अध्यापकगण स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दें।

# जनसुनवाई में पुलिस अधिकारियों ने सुनी फरियाद, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय ने अपने कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

वहीं, सुरेन्द्र नाथ तिवारी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना।

उन्होंने भी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें भूमि विवाद, आपसी झगड़े और अन्य स्थानीय मुद्दे प्रमुख रहे। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पुलिस प्रशासन की इस पहल से आमजन में विश्वास और संतोष का माहौल देखने को मिला।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कौशांबी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** थाना कौशांबी पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादिनी/पीड़िता ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त आकाश पुत्र शिवलाल निवासी गांव लोवापुर, थाना कौशांबी, गाजियाबाद ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। इतना ही नहीं, पीड़िता को किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस संबंध में पीड़िता द्वारा थाना सेक्टर-03 चंडीगढ़ में जीरो एफआईआर दर्ज कराई गई थी। घटना स्थल थाना कौशांबी क्षेत्र का होने के कारण उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दिनांक 10 अप्रैल 2026 को मुकदमा थाना कौशांबी में स्थानांतरित कर धारा 65(1), 351(3) बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पॉक्सो एक्ट की धारा 5J(2) की बढ़ोत्तरी भी की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में 17 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त आकाश (उम्र करीब 20 वर्ष), जो वर्तमान में दीपक पंडित के मकान में किराए पर रह रहा था, को आनंद विहार बॉर्डर के पास एक खंडहर बिल्डिंग से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# डॉ एस सी अग्रवाल को आईएएमआर कॉलेज में सम्मानित किया

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल को आईएएमआर कॉलेज में डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शिक्षा पद्धति में प्रभावपूर्ण ढंग से विद्यालय में लागू करने पर प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र,शॉल उढाकर सम्मानित किया गया । यह सम्मान सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एमएलसी चंद शर्मा व कॉलेज के चेयरपर्सन संजय बंसल अंशु बंसल और डायरेक्टर डॉक्टर पीके वशिष्ठ ने प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि आई ए एम आर कॉलेज में डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन इन स्कूल्स विषय पर जनपद के प्रधानाचार्यों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे तकनीकी बदलावों को स्कूलों में लागू करने पर जागरूक किया गया । आज डिजिटल टेक्नोलॉजी का योग है इस बदलते परिवेश में शिक्षकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। डॉ के एन मोदी कॉलेज में लगभग 15 स्मार्ट क्लास और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का संचालन हो रहा है।

# ऑपरेशन 'प्रहार' में बड़ी सफलता: 6 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** थाना विजयनगर पुलिस टीम ने ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.04.2026 को थाना विजयनगर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना एवं लोकल इनपुट के आधार पर कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने एक तस्कर को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अकील अहमद पुत्र वसीर अहमद उर्फ राशिद अहमद, निवासी मोहल्ला नईकरीम, निकट मेरठ गेट पुलिस चौकी, हापुड़ खास, जनपद हापुड़ (उम्र लगभग 28 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त को चांदमारी झुग्गी-झोपड़ी के पीछे साइड ग्राउंड के पास पीपल के पेड़ के नीचे से गिरफ्तार किया।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के नेतृत्व में अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. सारिका गर्ग द्वारा संगोष्ठी का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को वित्तीय साक्षरता, बचत, निवेश एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें अपने वित्तीय निर्णय स्वयं लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग की शिक्षिकाओं कनक शर्मा एवं वित्तिका गोस्वामी का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से यह आयोजन अत्यंत प्रभावी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया।

# नगर निगम में टैक्स विभाग की ट्रेनिंग तेज, नई दरों से होगा हाउस टैक्स कैलकुलेशन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेशांनुसार नगर निगम मुख्यालय में टैक्स विभाग की टीम को नई संशोधित दरों के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ट्रेनिंग में जोनल प्रभारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, कर निरीक्षक, लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल होकर नई टैक्स प्रणाली को समझ रहे हैं।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी छूट लागू रहने के साथ हाउस टैक्स में लगभग 20 से 21 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। इसके तहत अब टैक्स का कैलकुलेशन नई दरों के अनुसार किया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान नगर आयुक्त ने स्वयं अधिकारियों से संवाद करते हुए निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी नई दरों, छूट और कैलकुलेशन की पूरी जानकारी रखें, ताकि आम नागरिकों को सही और पारदर्शी जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नई संशोधित दरों को 10 दिन के भीतर सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया जाए, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सुगम हो सके।

नगर आयुक्त ने करदाताओं को राहत देते हुए बताया कि जिन लोगों ने अधिक टैक्स जमा किया है, उसे आगामी तीन वर्षों में तीन समान किस्तों में समायोजित किया जाएगा। साथ ही अगले तीन माह तक किसी भी करदाता पर 12 प्रतिशत ब्याज नहीं लगाया जाएगा।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस.के. राय मौजूद रहे, जिन्होंने टीम को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया।

अपर नगर आयुक्त को प्रशिक्षण प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए हैं। नगर निगम की इस पहल से न केवल टैक्स प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि करदाताओं को भी राहत और बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# गाजियाबाद में गूंजा 'नारी शक्ति' का स्वर, टाउन हॉल में महिलाओं का उमड़ा सैलाब






**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर के हिंदी भवन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में एक भव्य टाउन हॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर खचाखच भरा रहा और वातावरण ऊर्जा व उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश महिला कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती कमलावती उपस्थित रहीं।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें तो कीं, लेकिन उन्हें धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं किया गया। उन्होंने मोदी सरकार का आभार जताते हुए कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार लंबे समय से महिलाओं के अधिकारों को लेकर गंभीर रही है और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' इसका प्रमाण है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि 33 प्रतिशत आरक्षण का यह प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण और देश के समृद्ध भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

# टीबी रोगियों के लिए राहत: रेड क्रॉस सोसाइटी ने बांटी पोषण पोटली, स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया जोर




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित एक सराहनीय कार्यक्रम में टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य रोगियों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे उपस्थित लोगों को सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही, विशेषज्ञों द्वारा टीबी रोगियों को उचित आहार, नियमित दवा सेवन और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली नगर श्रीमती उपासना पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता और सही पोषण बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। आयोजकों ने इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# गाजियाबाद पीएसी कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता समापन

**अरूण मिश्रा**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** 41वीं वाहिनी पीएसी परिसर में खेल उत्साह और जोश से सराबोर नजर आया, जहां 'पश्चिमी जोन तृतीय अंतर-वाहिनी कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता 2026' का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी मेरठ अनुभाग श्रीमती कल्पना सक्सेना (आईपीएस) रहीं, जिन्होंने विजेता टीमों को ट्रॉफी व सम्मान देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन की 14 वाहिनियों की टीमों ने भाग लिया। हर मुकाबले में खिलाड़ियों का जोश, रणनीति और टीमवर्क देखने लायक रहा। मैदान पर संघर्ष, समर्पण और जीत की जिद ने दर्शकों को बांधे रखा।

अगर नतीजों पर नजर डालें तो कबड्डी में 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद उपविजेता रही। खो-खो प्रतियोगिता में मेजबान 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया और 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा दूसरे स्थान पर रही। फेंसिंग और जिम्नास्टिक में भी 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद का दबदबा देखने को मिला, जहां टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों स्पर्धाओं में विजय हासिल की। मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को निखारते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुणों को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन जवानों के मनोबल को ऊंचा उठाने के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

इस अवसर पर सेनानायक डॉ. दिनेश यादव (आईपीएस), उपसेनायक अरुण कुमार सिंह, उपसेनायक सत्यम, सहायक सेनानायक जगवीर सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। समापन समारोह में तालियों की गूंज, विजेताओं की मुस्कान और खिलाड़ियों के जोश ने पूरे माहौल को गौरव और उत्साह से भर दिया–एक ऐसा आयोजन, जिसने खेल भावना

# जनसुनवाई में अधिकारियों की सख्ती: शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस प्रशासन द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में श्री केशव कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध ने अपने कार्यालय पर पहुंचे फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

वहीं, श्री राजकरन नैय्यर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात ने भी अपने कार्यालय पर आए नागरिकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनाए रखें।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के इस पहल से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है, जिससे समाधान प्रक्रिया में तेजी आई है।

# मोहन नगर जोन में नगर निगम इंस्पेक्टर पर मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के मोहन नगर जोन से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां नगर निगम के इंस्पेक्टर संजीव चौधरी पर सफाई कर्मचारियों के साथ मारपीट और अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगा है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर इंस्पेक्टर और सफाई कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। वायरल वीडियो में इंस्पेक्टर को कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इस घटना के बाद सफाई कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं। इस तरह की घटना ने नगर निगम की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आरोपित इंस्पेक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

# गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा: रीवा एक्सप्रेस की चपेट में आया युवक, पैर बुरी तरह घायल



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर खड़ी रीवा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में एक युवक आ गया। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अचानक ट्रेन के नजदीक पहुंच गया और देखते ही देखते वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को प्राथमिक उपचार दिलवाते हुए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, ट्रेन की चपेट में आने से युवक के पैर का पंजा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। उसकी हालत को देखते हुए इलाज जारी है। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक ट्रेन की चपेट में आता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहें और चलती ट्रेन के पास जाने से बचें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# मिशन शक्ति 5.0: आईटीएस कॉलेज में प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित Management Development Programme का समापन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मिशन शक्ति केंद्र से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी, कॉलेज के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) श्री केशव कुमार चौधरी एवं अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) श्रीमती सलोनी अग्रवाल ने सहभागिता की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न केवल प्रबंधन कौशल में दक्ष बनाते हैं, बल्कि उनकी नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रभावी प्रबंधन, निर्णय क्षमता और नेतृत्व गुणों से सशक्त बनाना रहा, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

# गाजियाबाद की बेटियों का कमाल, आरुषि और छवि बनीं उपविजेता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए गाजियाबाद की बेटियों ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है।

चंडीगढ़ में आयोजित लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' में बड़काआसिफपुर गांव की आरुषि ने एक्टिंग प्रतियोगिता में सेकंड रनर-अप स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

इसी शो के डांस सेगमेंट में छवि ने भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से जजों और दर्शकों का दिल जीतते हुए सेकंड रैंक प्राप्त किया। दोनों प्रतिभाशाली प्रतिभागियों की इस सफलता ने न केवल उनके गांव और विद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे गाजियाबाद जिले को भी गर्व महसूस कराया है।

शो का ग्रैंड फिनाले चंडीगढ़ के मोहाली में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में आरुषि और छवि ने अपने हुनर, आत्मविश्वास और लगन के बल पर उपविजेता बनकर यह साबित कर दिया कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी बड़े मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकती हैं। इस उपलब्धि के बाद स्थानीय लोगों, शिक्षकों और परिजनों में खुशी का माहौल है। दोनों बेटियों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और उनकी सफलता को क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

# टेंपो ट्रैवलर चालक को आई झपकी, दर्दनाक हादसे में तीन की मौत





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा थाना विजयनगर क्षेत्र में क्र्वहएट कॉलेज एग्जिट प्वाइंट के पास सुबह करीब 6 बजे हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक्सप्रेसवे की मेन लेन पर एक थार वाहन खड़ा था, जिसमें सवार दो युवक नीचे उतरकर एक बाइक सवार से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही हरिद्वार जा रही महिलाओं से भरी टेंपो ट्रैवलर ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में दीपक, प्रवीण और एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, थार सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टेंपो ट्रैवलर में करीब 26 महिलाएं सवार थीं, जो दिल्ली से हरिद्वार जा रही थीं। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी टेंपो ट्रैवलर चालक वीरेंद्र को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात भी बाधित